UFT LIVE TV
www.upfighttimes.com
upfighttimesnews@gmail.com
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# यूपी फाइट टाइम्स
आरएनआई नं0/2020/80511
संपादक :- सतीश कुमार गोयल
वर्षः 04, अंकः 85, पृष्ठः 08, मूल्यः 1 रु.
(फतेहपुर से प्रकाशित)
फतेहपुर, मंगलवार 9 जनवरी 2024

इंडिया गठबंधन में सीट बटवारे... 4

आधुनिक बकरी पालन... 5



## संक्षिप्त खबरें

### सलमान के फार्म हाउस में घुसने की कोशिश, दो लोगों को अरेस्ट किया

**मुंबई एजेंसी।** सलमान खान के फार्म हाउस में 2 अनजान लोगों ने जबरन घुसने की कोशिश की है। दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पूछताछ में पता चला कि वो दोनों शख्स खुद को सलमान खान का फैन बता रहे हैं। उनके पास से फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए हैं। इस वजह से दोनों पर एफआईआर भी दर्ज की गई है। सलमान खान लॉरेंस गैंग के निशाने पर हैं। सलमान खान का फार्म हाउस नवी मुंबई के पनवेल में है। 4 जनवरी की शाम 4 बजे 2 अनजान लोगों ने एक्टर के फार्म हाउस में जबरन घुसने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि वो दोनों शख्स फेंसिंग के तार तोड़कर अंदर जाने की कोशिश कर रहे थे। फार्म हाउस में दो संदिग्ध लोगों को देखकर वहां मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें तुरंत रोका। इसके बाद फार्म हाउस के मैनेजर को भी बुलाया गया।

### शीतलहर के चलते स्कूलों का समय बदला

**भोपाल नप्र।** मध्यप्रदेश में शीतलहर को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव हुआ है। अब 20 जनवरी तक स्कूल सुबह 10 बजे से ही संचालित होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने शासकीय और अशासकीय स्कूलों के लिए इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।

### शाजापुर में राम-श्याम फेरी के दौरान पथराव; पुलिस बल तैनात

शाजापुर में राम-श्याम फेरी में पथराव हो गया। घटना सोमवार शाम करीब साढ़े 8 बजे की है। पथराव के बाद भगदड़ जैसे हालात बन गए। इस दौरान कुछ लोग घायल हो गए। जानकारी मिलते ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। राम-श्याम फेरी सोमवार शाम साढ़े 7 बजे कांचीवाड़ा चौक से शुरू हुई थी। तभी रास्ते में कुछ उपद्रवियों ने पथराव कर दिया।

# पांच साल बाद अग्निवीर हो जाएंगे बेरोजगार: वरूण गांधी

एजेंसी | नई दिल्ली



यूपी की पीलीभीत सीट से बीजेपी सांसद वरुण गांधी अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। वरुण ने फिर से अग्निवीर योजना को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पांच साल बाद अग्निवीर युवा गांवों में बेरोजगार घूमते हुए दिखाई देने वाले हैं। क्या ये देश और वर्दी का अपमान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं का मनोबल गिरेगा। सांसद ने कहा, अग्निवीर के तहत भर्ती होने वाले युवाओं को निर्धारित समय के बाद नौकरी से बाहर किया जाएगा।

गांव में उन्हें रोजगार नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा, जो लाखों लोग हटाए जाएंगे, उनकी जिम्मेदारी कौन लेगा। उन्होंने कहा, देश नारों से नहीं, बल्कि नीतियों से चलता है। सांसद ने कहा, पिछले 10 साल में 13 लाख करोड़ के ऋण माफ किए गए। इसमें से अधिकांश उद्योगपतियों के हैं। गरीब का एक पैसा माफ नहीं हुआ। वरुण गांधी ने कहा कि हम संविदा के खिलाफ नहीं लेकिन महंगाई के आधार पर इनका भी मानदेय बढ़ाया जाए। बीमा का लाभ मिले, स्थायीकरण हो ताकि उन्हें भी अपनी अहमियत का एहसास हो। पिछले 10 साल में 13 लाख करोड़ के ऋण माफ किए गए, इनमें से ज्यादात्तर कर्जा उद्योगपतियों का माफ किया गया किसी गरीब का एक पैसा माफ नहीं हुआ।

# शेख हसीना लगातार चौथी बार बांग्लादेश की पीएम बनेंगी

**अवामी लीग ने 300 में से 204 सीटें जीतीं; भारत, चीन और रूस ने दी बधाई**

एजेंसी | ढाका



बांग्लादेश की मौजूदा पीएम शेख हसीना लगातार चौथी बार प्रधानमंत्री पद पर काबिज होने जा रही हैं। रविवार 7 जनवरी को हुए आम चुनाव में हसीना की पार्टी अवामी लीग ने संसद की 300 में से 204 सीटें जीत लीं। इस बार 299 सीटों पर वोटिंग हुई थी। वहीं, हसीना ने लगातार आठवीं बार चुनाव जीता। गोपालगंज-3 सीट से उन्होंने बांग्लादेश सुप्रीम पार्टी के कैंडिडेट एम निजामुद्दीन लश्कर को 2.49 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया। हसीना को 2 लाख 49 हजार 965 तो निजामुद्दीन को महज 469 वोट मिले। हसीना पहली बार 1986 में चुनाव जीती थीं। बांग्लादेश चुनाव आयोग के मुताबिक, इस बार चुनाव में 40 प्रतिशत वोट पड़े। यह आंकड़ा बदल सकता है। 2018 के चुनाव में 80 प्रतिशत मतदान हुआ था। देश में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी समेत विपक्षी पार्टियों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। आवामी लीग की जीत के बाद ढाका में भारत के राजदूत प्रणय वर्मा ने शेख हसीना से मुलाकात की। उन्होंने बुके देकर शेख हसीना को भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से जीत की बधाई दी। प्रणय वर्मा ने उम्मीद जताई है कि शेख हसीना की नई पारी में दोनों देशों के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे। वहीं, भारत के अलावा चीन और रूस ने भी शेख हसीना को बधाईयां भेजी हैं।

**कांग्रेस प्रत्याशी ने 11 हजार वोटों से हराया**

# राजस्थान में मंत्री सुरेंद्र पाल विधानसभा चुनाव हारे



एजेंसी | श्रीगंगानगर

राजस्थान में विधायक चुने जाने से पहले मंत्री बनाए गए सुरेंद्र पाल सिंह टीटी चुनाव हार गए हैं। श्रीकरणपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को कांग्रेस के रुपिंदर सिंह कुन्नर ने 11 हजार 261 वोटों से हरा दिया है। यह नतीजे सोमवार को आए। गौरतलब है कि सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को विधायक बनने से पहले ही भाजपा ने सरकार में राज्य मंत्री बना दिया था। राजस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है, जब विधायक बनने से पहले मंत्री बने नेता चुनाव हार गए हों। नवंबर में हुए राजस्थान के विधानसभा चुनाव में श्रीकरणपुर सीट पर चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण टाल दिया गया था। जीत के बाद रुपिंदर कुन्नर भावुक हो गए। उन्होंने पिता गुरमीत की तस्वीर के आगे मत्था टेका तो रो पड़े। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सरदार गुरमीत सिंह कुन्नर ही लड़ रहे थे।

इधर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रुपिंदर सिंह कुन्नर को जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह जनादेश भाजपा की तानाशाही पर तमाचा है। वहीं, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि हार के कारणों की समीक्षा करेंगे। कुन्नर को 94761 और टीटी को 83500 वोट मिले।

**मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की कानून व्यवस्था के संबंध में भोपाल संभाग की समीक्षा**

# सघन क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस का आवागमन सुगम हो

**मुख्यमंत्री बोले- जुलूसों का संचालन देर रात तक न हो**

नगर प्रतिनिधि | भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल में जोन और थानों की सीमाओं के प्रस्तावित युक्तियुक्तकरण का कार्य जनप्रतिनिधियों की सहमति से किया जाए। ऐसी व्यवस्था करें कि किसी भी जुलूस का संचालन देर रात तक न हो, आयोजन निश्चित समय सीमा में पूर्ण हों। इसके लिए शांति समितियों के साथ पहले से ही बैठक कर कार्य योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सघन बस्तियों से त्योहारों के समय निकलने वाले जुलूसों में जिन क्षेत्रों में अपराध, हिंसा, अव्यवस्था की संभावना रहती है, उन क्षेत्रों का विकास पुलिस तथा नगरीय निकाय सहित अन्य ऐजेंसियों के साथ मिलकर समन्वित रूप से किया जाए। उद्देश्य यह हो कि इन क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के साथ-साथ एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि का आवागमन भी सुगम हो सके। मुख्यमंत्री डॉ यादव आज कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में भोपाल संभाग की कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अपराध और ठगी के सामने आ रहे नए तरीकों पर नियंत्रण करने और इस संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्रवाई की जाए। उच्चाधिकारी इस पर भी नजर रखें कि थानों में बेकसूर लोगों को न फंसाया जाए और झूठी कार्यवाईयाँ न हों। निर्दोष लोगों को फंसाने वाले अधिकारी कर्मचारी के विरूध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि थानों में जब्त की गई सामग्री को उसके वास्तविक स्वरूप में ही रखा जाए, सामग्री से किसी भी प्रकार की छेड़-छाड़ न की जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि थाना प्रभारी उनके क्षेत्र में रहने वाले संभ्रांत लोगों से भी संबंध और सम्पर्क बनाएं।

### जेलों का भी औचक निरीक्षण करें कलेक्टर्स

मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर्स को जेलों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए, साथ ही प्रदेश के सभी जेलों में बंदियों की स्थिति का विश्लेषण कर 15 दिन में रिर्पोट प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया। डॉ यादव ने कहा कि कैदियों के पुनर्वास के लिए उन्हें जेलों में विभिन्न कौशल संबंधी व्यवसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जेलों में बंद गलत फंसाए गए लोगों को आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

### डीजे संचालन में लगे युवाओं के पुनर्वास की व्यवस्था की जाए

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध प्रयोग पर कार्रवाई की समीक्षा करते हुए कहा कि डीजे संचालन में लगे युवाओं के पुनर्वास के लिए विश्वकर्मा योजना सहित नगरीय निकायों के साथ मिलकर रोजगार की अन्य योजनाएं संचालित करने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। डॉ यादव ने कहा कि शादी विवाह तथा अन्य अवसरों पर बैंड बाजा व शहनाई का उपयोग हमारी परम्परा है। इसे प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण तथा अन्य नवाचार किए जाएं।

**फर्जी हस्ताक्षर से रकम निकली**

# भतीजों ने एनआरआई बुआ के एकाउंट से निकाल ली 5.71 करोड़ से अधिक रकम

एजेंसी | जामनगर



विदेश में रहनेवाली एक महिला को अपने भतीजों पर भरोसा करना महंगा पड़ गया। भतीजों ने अपनी एनआरआई बुआ के फर्जी हस्ताक्षर के आधार पर बैंक एकाउंट से रु. 5.71 करोड़ से अधिक रकम निकाल ली। एनआरआई महिला को जब पता चला तो उसने अपने भतीजों के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है। यह घटना जामनगर की है। जामनगर के दिग्विजय प्लाट मुहल्ला निवासी और वर्तमान में यूनाइटेड किंगडम में स्थायी हुई 67 वर्षीय दिव्या विपुलभाई वोरा भारत लौटने के बाद जामनगर शहर ए डिवीजन पुलिस थाने पहुंच गई। जहां अपने भतीजे कुणाल विनोदभाई शाहऔर केयूर विनोदभाई शाह के खिलाफ रु. 57102346 की धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज करवा दी। जानकारी के मुताबिक दिव्या वोरा ने अपने भतीजों कुणाण और केयूर पर भरोसा कर वर्ष 2018 में अपनी नकद रकम भारत में रखने और बैंक खाते में कराने के लिए दोनों की मदद से बैंक में एकाउंट खुलवाया था। उस दौरान दोनों भतीजों ने दिव्या वोरा के बेटे के नाम के बजाए अपना नाम शामिल कर धोखाधड़ी की साजिश रची थी। बैंक में एकाउंट खुलने के बाद दिव्या वोरा ने उसमें रु. 11 करोड़ की रकम जमा करवाई थी। कुणाल और केयूर ने दिव्या वोरा के एकाउंट में जमा 11 करोड़ रुपए में से टुकड़े टुकड़े कर रु. 57102346 निकाल लिए।

# हिट एंड रनः देश में हर घंटे करीब छह लोगों की मौत

एजेंसी | नई दिल्ली




हिट एंड रन को लेकर बनाए गए नए कानून को लेकर देशभर में बहस छिड़ी हुई है। बस, ट्रक और डंपर चालकों ने कुछ दिन पहले ही इसके विरोध में देशव्यापी हड़ताल कर चुके है। लेकिन इस बीच राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों ने सभी को चौंका दिया है। एनसीआरबी आंकड़ों के मुताबिक हिट एंड रन के मामलों में हर घंटे करीब 6 लोगों की मौत होती है। इतना ही नहीं हिट एंड रन के ही कारण हर रोज करीब 140 लोग अपनी जान गंवा देते हैं। रिपोर्ट का सबसे खराब पहलू यहा है कि हिट एंड रन के करीब 50 फीसदी मामलों में पुलिस आरोपियों की गाड़ियों को ट्रेस ही नहीं कर सकती हैं। यानी घटना के लिए जिम्मेदार गाड़ी चालक मौके से किसी भी तरह भागने में कामयाब हो जाते हैं।

**खास-खबर**

**7 शुभ और अद्भुत संयोग में होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा**

# रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा तिथि पर देवों के देव महादेव कैलाश पर विराजमान रहेंगे

एजेंसी | अयोध्या



भारतवर्ष के लिए 22 जनवरी का दिन बेहद शुभ है। इतिहास के पन्नों में इस तिथि का अंकन सुनहरे अक्षरों में होगा। इस दिन अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। इस अनुष्ठान में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत 16 जनवरी से होगी। इसके लिए महाभव्य तैयारी की जा रही है। ज्योतिषियों की मानें तो पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि पर एक, दो नहीं, बल्कि 7 शुभ और अद्भुत संयोग बन रहे हैं।

इन योग में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। ज्योतिषियों की मानें तो मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव उत्तरायण होंगे। उत्तरायण देवताओं के लिए दिन का समय होता है।

इस दौरान प्रकाश में वृद्धि होने लगती है। इसी दिन से युगारंभ भी होता है। अतः रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मकर संक्रांति के पश्चात की तिथि का चयन किया गया है। इस दिन पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी एवं त्रयोदशी तिथि है। द्वादशी तिथि संध्याकाल 07 बजकर 51 मिनट तक है। इसके पश्चात, त्रयोदशी तिथि है। वहीं, नक्षत्र मृगशिरा है। पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि यानी 22 जनवरी को सर्वप्रथम ब्रह्म योग का निर्माण हो रहा है।

### भगवान शिव का वास

ज्योतिषियों की मानें तो रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा तिथि पर देवों के देव महादेव कैलाश पर विराजमान रहेंगे। इस दिन भगवान शिव संध्याकाल 07 बजकर 51 मिनट तक कैलाश पर विराजमान रहेंगे। इसके पश्चात, नंदी पर सवार होंगे। इस समय में भगवान शिव की पूजा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी प्रकार के अनुष्ठान करना सिद्धकारी होता है।

### सर्वार्थ सिद्धि योग

22 जनवरी को सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण सुबह 07 बजकर 14 मिनट से अगले दिन यानी 23 जनवरी को 04 बजकर 58 मिनट तक है। वहीं, अमृत सिद्धि योग का भी निर्माण पौष माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि पर हो रहा है। इस दिन अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 11 मिनट से लेकर 12 बजकर 54 मिनट तक है।

**लाड़ली बहनों को लखपति बनाने का अभियान चलाऊंगा**

# सीहोर में शिवराज बोले- ढोल-ताशे बजाएं, कोई रोकेगा तो मैं देख लूंगा

नगर प्रतिनिधि | सीहोर



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डीजे-बैंड वालों से कहा- आप ढोल बजाओ, ताशे बजाओ, आप बैंड बजाओ... कोई रोक नहीं है, कोई रोकेगा तो मैं देख लूंगा। यह बात उन्होंने शनिवार शाम सीहोर के भैरुंदा में कही। पूर्व सीएम के इस बयान के बाद बैंड-बाजा संचालकों में खुशी देखने को मिली। भैरुंदा के डीजे, बैंड और ढोल-ताशों के संचालक मप्र सरकार के कोलाहल नियंत्रण नियम को लेकर उनसे मिलने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि इस घटनाक्रम से ठीक एक दिन पहले यानी शुक्रवार को बुदनी विधानसभा क्षेत्र के डीजे संचालक भोपाल स्थित 74 बंगला पूर्व सीएम शिवराज से मिलने पहुंचे थे, जहां उन्होंने सरकार के लगाए गए प्रतिबंध से रोजी-रोटी छीनने की बात कही थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने इन्हें आश्वस्त किया था कि आपके साथ कोई अन्याय नहीं होगा। डीजे संचालकों के मुताबिक उनकी मांग के बाद पूर्व सीएम ने कलेक्टर से मोबाइल पर बात भी की थी।

### कहा- गरीब के बच्चे शानदार स्कूल में पढ़ेंगे

समर्थकों ने पूर्व मुख्यमंत्री का मंच बनाकर स्वागत भी किया गया। इस दौरान शिवराज ने कहा कि लाड़ली बहना को लखपति बनाने का अभियान में चलाऊंगा। कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। भांजे-भांजियों की पढ़ाई के लिए शानदार सीएम राइज स्कूल बन रहा है। गरीब के बच्चे भी शानदार स्कूल में पढ़ेंगे, चिंता मत करना।

### रोड स्वीपिंग व स्काई लिफ्ट मशीन को हरी झंडी दिखाई

शिवराज नगर परिषद भैरुंदा द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां करीब 85 लाख के रोड स्वीपिंग मशीन व स्काई लिफ्ट मशीन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक चिकन शॉप संचालक भी शिवराज के पास आवेदन लेकर पहुंचा। उसने कहा, साहब हमें एकदम बंद कर दिया गया है, जहां भी अनुमति के लिए जा रहे हैं, कोई सुन नहीं रहा। इस पर शिवराज ने कहा, मैं इस बारे में भी बात करूंगा।

**बिलकिस गैंगरेप, 11 दोषी फिर जेल जाएंगे**

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बिलकिस बोलीं- सीने से बोझ उतरा; आज मेरा नया साल शुरू हुआ

एजेंसी | अहमदाबाद



गुजरात में 2002 दंगों के दौरान बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषियों को समय से पहले जेल से रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया। फैसले के बाद बिलकिस के घर पर पटाखे फोड़े गए। बिलकिस बानो ने सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि असल में आज मेरे लिए नया साल शुरू हुआ है। मेरी आंखें राहत के आंसुओं से भीग गई हैं। पिछले डेढ़ साल में आज पहली बार मेरे चेहरे पर मुस्कान आई है। मैंने अपने बच्चों को गले लगाया और मुझे ऐसा लग रहा है कि मेरे सीने से पहाड़ जितना बड़ा पत्थर आज उतर गया। अब मैं सांस ले पा रही हूं। यही न्याय का अहसास है।

इससे पहले फैसला सुनाते वक्त जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा- सजा अपराध रोकने के लिए दी जाती है। पीड़ित की तकलीफ की भी चिंता करनी होगी। बेंच ने कहा कि गुजरात सरकार को रिहाई का फैसला लेने का कोई अधिकार नहीं है। उसने अपनी सत्ता और ताकत का दुरुपयोग किया है।

वह दोषियों को कैसे माफ कर सकती है। सुनवाई महाराष्ट्र में हुई है तो रिहाई पर फैसला भी वहीं की सरकार करेगी। जिस राज्य में अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, उसी को दोषियों की माफी याचिका पर फैसला लेने का अधिकार है।

### बिलकिस के दोषियों के खिलाफ 30 नवंबर को दाखिल की गई थी याचिका

बिलकिस के 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ 30 नवंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की गई थीं। पहली याचिका में 11 दोषियों की रिहाई को चुनौती देते हुए उन्हें तुरंत वापस जेल भेजने की मांग की गई थी। दूसरी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के मई में दिए आदेश पर विचार करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा था कि दोषियों की रिहाई पर फैसला गुजरात सरकार करेगी। बिलकिस ने कहा कि जब केस का ट्रायल महाराष्ट्र में चला था, फिर गुजरात सरकार फैसला कैसे ले सकती है? केस के सभी 11 दोषी आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रिहा कर दिए गए थे।

# कुढ़ा में सैकड़ों ग्रामीणों का संकल्प, भारत को विकसित देश बनाएंगे

♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**लालगोपालगंज प्रयागराज।** श्रृंगवेरपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुढ़ा में सैकड़ों ग्रामीणों ने देश को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लिया। ग्राम प्रधान किरन देवी की अगुवाई में कुढ़ा के सैकड़ों महिला -पुरुष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को स्वावलंबी, विकसित बनाने का जो अभियान शुरू किया है, हम सभी लोग कंधा से कंधा मिलाकर इस नीति पर आगे बढ़ेंगे। प्राथमिक विद्यालय कुढ़ा परिसर में भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। वक्ताओं द्वारा कहा गया कि सरकार द्वारा शुरू इन योजनाओं का बेहतर तरीके से ग्रामीण फायदा उठाएं। कार्यक्रम में



विभिन्न विभागों के कर्मचारी आए। कृषि, पशु पालन, चिकित्सा, सहकारिता समेत अन्य कई नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल पांडेय ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला, फ्री राशन, आयुष्मान, सामूहिक कन्या विवाह, स्वच्छ पेयजल, जनधन खाता आदि के बारे में जानकारी दी। किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विनोद ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित करने की जो योजना चल रही है, उसे मजबूत करने की जरूरत है।जिला मंत्री अमरजीत कुशवाहा ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि देशवासियों की खुशहाली ही भाजपा सरकार का उद्देश्य है।भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ॰ प्रशांत गुप्ता ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर नवजात शिशु का अन्नप्रासन और गोद भराई की रस्म भी पूरी की गई।समारोह में चलचित्र के जरिए प्रचार वाहन से प्रधानमंत्री मोदी का देशवासियों को संबोधित संदेश भी सुनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा सोशल मीडिया विधानसभा क्षेत्र संयोजक मुकेश मौर्य, जिला सह संयोजक अभिषेक भट्ट पिंटू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर शुक्ला, अधिवक्ता विकास पाण्डेय, महफूज अहमद, तीर्थराज मिश्र, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता धीरज यादव, पशु चिकित्साधिकारी डॉ॰ आशीष कसौधन, ग्राम पंचायत अधिकारी अपूर्वा रघुवंशी समेत अन्य कई विभाग के कर्मचारी शामिल रहे। उधर, मंसूराबाद में विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को कारगर तरीके से लागू करने पर जोर दिया। यहां बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष उमेश शुक्ला चंदन ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# सूर्या फाउंडेशन ने खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया



♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**धाता /फतेहपुर।** धाता नगर में सूर्या फाउंडेशन द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन गांव धाता में हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मंडल महामंत्री अवधेश पासवान और मोहम्मद कलीम जी उपस्थित रहे मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया ,इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख कृष्ण गोपाल के द्वारा युवाओं को बताया गया कि युवाओं में अनियंत्रित शक्ति का भण्डार है खेल के माध्यम से युवाओं की शारीरिक शक्ति मजबूत होती है ,खेल के माध्यम से युवाओं के अंदर एकता की भावना पैदा होती है,इस अवसर पर रवि कुमार,प्रतियोगिता के संयोजक कन्हैया लाल और उमेश कुमार के साथ रूप सिंह,गुड्डू,सतीश राजाराम आदि उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर, बुजुर्ग की हुई मौत

***नागेश कुमार पटवा मोतीपुर,मिहींपुरवा (बहराइच)।*** *नानपारा लखीमपुर मार्ग पर सेमरहना गांव के समीप अज्ञात वाहन ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को ठोकर मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 730 नानपारा - पीलीभीत मार्ग पर ग्राम सेमरहना के समीप आज सुबह करीब सात बजे किसी अज्ञात वाहन ने लगभग बुजुर्ग को ठोकर मार कर भाग गया । उसकी मौके पर ही मौत हो गई । ग्रामीणों ने फोन कर जलिमनगर पुलिस चौकी को सूचना दी । पुलिस मौके पर पहुंच कर शव की राममनोहर मौर्य पुत्र शंकर उम्र 65 वर्ष निवासी चकैया, ग्राम पंचायत झाला के शिनाख्त हुआ है । दीवान रामाशीष वर्मा ने बताया कि घने कोहरे के कारण ही किसी वाहन से ठोकर लगा है । वाहन का पता लगाया जा रहा है । पोस्टमार्टम कराने की कार्यवाही की जा रही है । तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा ।*

# जीनगर की याद में गायों को लापसी खिलाई

**बोरुंदा। सोहनलाल वैष्णव।** कस्बे के समाजसेवी रहे बुद्धाराम जीनगर की स्मृति में सोमवार को श्री रुप सुकून गौशाला बोरुंदा में ढाई क्विंटल की लापसी बनावा कर गायों को खिलाई। गौशाला अध्यक्ष रिखबचंद कोठारी व बहादुरसिंह राठौड़ ने बताया कि बुद्धाराम जीनगर की स्मृति में गायों के लिए बोरुंदा की रुप सुकून गौशाला में सुगनाराम, पूर्व सरपंच चौथाराम जीनगर, जबरचंद, जवरीलाल, कमल किशोर, ताराचंद, गिरधारी, जितेंद्र, गोपाल, दिपान्शु, बंसी लाल सांखला, भीकाराम गोयल, हीरालाल, आसेरी छगनलाल सहित चार दर्जन पुरुष व महिलाओं ने अपने हाथों से लापसी बनवाकर गौशाला की गायों को खिलाई।




# कुढ़ा में सैकड़ों ग्रामीणों का संकल्प, भारत को विकसित देश बनाएंगे

♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**लालगोपालगंज प्रयागराज।** श्रृंगवेरपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुढ़ा में सैकड़ों ग्रामीणों ने देश को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लिया। ग्राम प्रधान किरन देवी की अगुवाई में कुढ़ा के सैकड़ों महिला -पुरुष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को स्वावलंबी, विकसित बनाने का जो अभियान शुरू किया है, हम सभी लोग कंधा से कंधा मिलाकर इस नीति पर आगे बढ़ेंगे। प्राथमिक विद्यालय कुढ़ा परिसर में भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। वक्ताओं द्वारा कहा गया कि सरकार द्वारा शुरू इन योजनाओं का बेहतर तरीके से ग्रामीण फायदा उठाएं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारी आए। कृषि, पशु पालन, चिकित्सा, सहकारिता समेत अन्य कई नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल पांडेय ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला, फ्री राशन, आयुष्मान, सामूहिक कन्या विवाह, स्वच्छ पेयजल, जनधन खाता आदि के बारे में जानकारी दी। किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विनोद ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित करने की जो योजना चल रही है, उसे मजबूत करने की जरूरत है।जिला मंत्री अमरजीत कुशवाहा ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि देशवासियों की खुशहाली ही भाजपा सरकार का उद्देश्य है।भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ॰ प्रशांत गुप्ता ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर नवजात शिशु का अन्नप्रासन और गोद भराई की रस्म भी पूरी की गई।समारोह में चलचित्र के जरिए प्रचार वाहन से प्रधानमंत्री मोदी का देशवासियों को संबोधित संदेश भी सुनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा सोशल मीडिया विधानसभा क्षेत्र संयोजक मुकेश मौर्य, जिला सह संयोजक अभिषेक भट्ट पिंटू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर शुक्ला, अधिवक्ता विकास पाण्डेय, महफूज अहमद, तीर्थराज मिश्र, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता धीरज यादव, पशु चिकित्साधिकारी डॉ॰ आशीष कसौधन, ग्राम पंचायत अधिकारी अपूर्वा रघुवंशी समेत अन्य कई विभाग के कर्मचारी शामिल रहे। उधर, मंसूराबाद में विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को कारगर तरीके से लागू करने पर जोर दिया। यहां बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष उमेश शुक्ला चंदन ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।




# चेयरमैन ने असहाय गरीबों को बांटे कंबल खिले चेहरे



♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**धाता /फतेहपुर।** धाता नगर पंचायत क्षेत्र के सोनारी रोड, गोढवापर,में नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज ने गरीब असहाय व मजूदरों के बीच कंबल का वितरण किया बताया गया की लगभग 300 लोगों के बीच कंबल बांटे गए कंबल पाकर लोगों के खिले चेहरे। इस उपरांत कई क्षेत्रीय सम्मानितगण भी अपनी उपस्थित दर्ज कराते हुए नेक काम में अपनी सहभागिता दिखाई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने वार्डो में जाकर निराश्रित लोगो का चयन कर सर्दी से बचाव के लिए कंबल बाटकर राहत प्रदान की। कंबल पाकर लोगो के चेहरे खिल उठे। इन्होने बताया की अपनी ग्राम पंचायत में जरूरतमंद असहाय व मजदूरों लोगो को चिंहित कर कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सरोज सभासद लवलेश सोनकर मोहम्मद कलीम सुनील कुमार गब्बर केसरवानी आदि रहे।

# नगर पंचायत में इंटरलाकिग सड़क का शिलान्यास



**अध्यक्ष ने कहा कि नगर के हर वार्ड का विकास उनकी प्रथम प्राथमिकता है। नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में बिना भेदभाव के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी**

♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**धाता /फतेहपुर।** धाता नगर पंचायत के दीपनारायण तिराहा में लोगों की मांग को देखते हुए सड़क किनारे फुटपाथ में इंटरलाकिग सड़क का शिलान्यास सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज ने किया। अध्यक्ष ने कहा कि नगर के हर वार्ड का विकास उनकी प्रथम प्राथमिकता है। नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में बिना भेदभाव के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी तथा अभी और भी बहुत से विकास कार्य कराने की योजना चल रही है। चेयरमैन प्रतिनिधि राजू सरोज ने कहा कि शासन से हरी झंडी मिली है। नगर के हर छोटी बड़ी समस्याओं पर नगर पंचायत अध्यक्ष की नजर है। उसे जल्द पूरा किया जाएगा। जिसके लिए नगरवासियों का सहयोग अपेक्षित है। अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार बागी ने कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप सभी कार्य कराए जा रहे हैं। जिन सड़कों व नालियों का शिलान्यास हुआ है, वह नगरवासियों के लिए समर्पित है। आगे भी कई योजनाओं को मूर्तरूप देने का कार्य चल रहा है। इस मौके पर सभासद मोहम्मद कलीम, लवलेश सोनकर जयचंद सोनकर नींबू सिंह गब्बर केसरवानी उत्कर्ष जयसवाल अमीन आदि मौजूद रहे।

# नेपाल सीमा पर स्थित बलइगाव मे निकली अयोध्या धाम पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा

## पूजित अक्षत व पत्रक के साथ घर - घर पहुंच रहा निमंत्रण

♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**नागेश कुमार पटवा मोतीपुर,मिहींपुरवा(बहराइच)।** श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश की शोभायात्रा भारत नेपाल के सीमावर्ती ग्राम बलईगांव में गाजे बाजे के साथ निकाली गई । स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया गया । ग्राम बलईगांव के शिव मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा कस्बे के बलईगांव बाजार, अचकवा, रामलीला मैदान का भ्रमण करते हुए वापस शिव मंदिर पर पहुंच कर सम्पन्न हुई । इस दौरान उपस्थित महिला पुरुष रामभक्तों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला संघचालक बाबूलाल शर्मा ने 22



जनवरी को राम मन्दिर नूतन विग्रह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अपने घरों के समीप मन्दिरों मे, घरों में पूजा पाठ, हरिकीर्तन करने व साथ ही रात्रि में अपने घरों में दीपक जलाने का आह्वान किया । इस दौरान जिला प्रचारक अजय जी, सह जिला संघचालक सुरेश वर्मा, सीमा जागरण मंच के जिला महामंत्री योगेन्द्र मौर्य, भाजपा नेता शिवकुमार शुक्ला, पुर्व ब्लाक प्रमुख श्रवण मदेशीया , खंड कार्यवाह आशीष, खंड प्रचारक महेश्वर जी, सीमा जागरण मंच के रोहित गुप्ता, अमीत वर्मा, प्रमोद थारू, राजू मौर्य, बुद्धीमान, भोला थारु, राधे कीशुन, मुन्नुराम गुप्ता, अजय सिंह, फुलसिंह, नीरज थारू, शोभाराम गुप्ता, सुरज गुप्ता, अनील गुप्ता, आनन्द गुप्ता, ज्वाला बर्मा, विनोद गुप्ता, मनीराम सहित काफी संख्या में महिला पुरुष व स्थानीय कार्यकर्ता शामिल रहे । पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मोतीपुर थानाध्यक्ष दद्दन सिंह के निर्देशन मे मोतीपुर पुलिस टीम उपस्थित रही ।

# अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने छावनी थानें पहुँचकर किया आकस्मिक निरीक्षण



♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**बस्ती।** अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने छावनी थानें पहुँचकर कर पुलिस टीम के साथ कस्बा छावनी थाना क्षेत्र में पैदल गश्त छावनी थानाध्यक्ष सुभाष मौर्य की देखरेख मे छावनी थानें का निरीक्षण किया गया जिसमें थानें के जी डी कार्यालय हवालात मालखाना सीसीटीएनएस कार्यालय महिला हेल्प डेस्क साइबर हेल्प डेस्क मेस बैरक व थाना परिसर का निरीक्षण किया गया साथ ही थाना छावनी पर उपस्थित सभी अधि0 कर्मचारीगण के साथ गोष्ठी की गयी तथा सुरक्षा संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थाना परिसर की साफ सफाई को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

# जयगुरुदेव बाबा उमाकान्त जी ने बताया मनसा, वाचा, कर्मणा कर्म कैसे बनते हैं और कैसे काटे जा सकते हैं

## जो जानकर गलती करता है उसे सख्त सजा मिलती है, ध्यान रखो

♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**रेवाड़ी (हरियाणा)।** निजधामवासी बाबा जयगुरुदेव जी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी, जिनके पास अब कर्मों को, पापों को क्षमा करने की, काटने की, कटवाने की पॉवर है, ऐसे पूरे समरथ सन्त सतगुरु, परम दयालु, दुखों को हरने वाले, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त महाराज जी ने 1 दिसंबर 2022 सांय बावल आश्रम, रेवाड़ी (हरियाणा) में दिए व अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि मनुष्य के कर्म कैसे और किससे बनते हैं। मनसा, वाचा और कर्मणा- मन में जो आदमी सोचता है कि इनका अनिष्ट कर दूंगा, मार-काट दूंगा, इनकी बहन बहू के साथ ऐसा कर डालूंगा, उसका लगता है मनसा पाप। वाचा पाप- मुंह से बोल करके, प्रोत्साहन देकर के किसी को मरवा-कटवा दिया, बोल बोलकर के किसी का दिल दुखा दिया तो वह भी पाप लगता है। और कर्मणा- शरीर से जो कर्म करता है। तो यह जितने भी कर्म है, यह प्रारब्ध के अनुसार ही आदमी करता है। उसी तरह से उसकी आदत बन जाती है। इसीलिए यह भी कहा गया है आदमी का स्वभाव जल्दी नहीं छूटता है। जब बहुत सतसंग सुनता है तब स्वभाव में परिवर्तन आता है। इसीलिए कहा गया है बराबर सतसंग सुनते रहना चाहिए। क्रियामान कर्म किसको कहते हैं, इस शरीर से ज्यादा कर्म बनते हैं। इस शरीर में कर्म इंद्रियां है- आंख, कान, मुंह, नभ्या आदि इंद्रियां है। हाथ-पैर भी इसी शरीर के अंग है तो इससे भी कर्म बनते हैं। और वह कर्म कुछ जान में, कुछ अनजान में बन जाते हैं। अनजान में बने कर्म भी असर करते हैं। जान में बने कर्मों की माफी जल्दी नहीं होती है। तो इससे कर्म बनते हैं और उसकी सजा आदमी को भोगनी पड़ती है, वह जल्दी कटती नहीं है।



### जो जानकर गलती करता है उसे सख्त सजा मिलती है

जो जानकर के गलती करता है,उसे सख्त सजा मिलती है। इसीलिए कभी भी किसी भी पशु-पक्षी का, जमीन पर चलने वाले जानवर, आसमान में उड़ने वाले पक्षी, जल में रहने वाले जीवों के मांस को मत खाना। अंडा मत खाना। ऐसे किसी भी नशे का चाहे, शराब, अफीम हो या तमाम नशे की गोलियां चल गई है, जो बुद्धि को भ्रष्ट कर देती है, ऐसे बुद्धि नाशक नशे का सेवन मत करना नहीं तो आपको ज्यादा सजा मिलेगी। जो अनजान होता है, उसको माफी भी मिल जाती है। जैसे यह जानवर है, जानवर अगर किसी को मार दे तो उनकी बुद्धि ही नहीं है, उनका तो स्वभाव ऐसा है तो उनको तो वह पाप नहीं लगता है जो पाप जानकार, इंसान को लगता है। अनजान जो होते हैं, गलती कर बैठ देते हैं, उनकी सजा की तो माफी हो जाती है लेकिन जानकार के जो गलती करते हैं, उनकी सजा की माफी नहीं होती है। मैंने देखा सतसंगी गलती करके आया और गुरु महाराज से कहा, गुरु महाराज मुंह फेर लिये। जानकर के ऐसी गलती करते हो, क्या मतलब है। और अनजान आया, बोला महाराज मुझसे गलती बन गई, मैं जानता नहीं था, मैं तो पहली बार आपके आया, मेरे ऊपर अब दया, कृपा, मेहरबानी कर दो, बोले दोबारा मत करना, माफी हो गई। तो अनजान की माफी हो जाती है, जानकार की माफी नहीं होती है। इसलिए जान करके ऐसी कोई गलती मत करना कि जिसकी सजा शरीर, जीवात्मा को भी मिल जाए, ऐसा कोई काम आप मत करना।

### पाप कर्म कैसे कटते हैं?

गृहस्थ आश्रम में कुछ अनजान में भी पाप बन जाते हैं। किसी जीव को न मारो लेकिन पैदल जा रहे हो, चींटी मर गई, घर में लिपाई हो रही है, कीड़े-मकोड़े लिपाई में मर गए, लकड़ी में कीड़े हो, नहीं देख पाए हो, चूल्हे में जल गए हो आदि तो पाप तो लगा। तो वह पाप, आप किसी भूखे को रोटी खिला दो, प्यासे को पानी पिला दो, कोई दुखी है उसके दुःख को दूर कर दो, उससे यह पाप क्षमा हो जाता है। तो यह भी बताया गया कि छोटे-मोटे कर्मों को आप इससे काट लो। बड़े कर्म, जो पूर्व जन्मों के हैं या जब तक सतगुरु के पास नहीं पहुंचे और आपके शरीर से बन गए, उन कर्मों को सेवा करके, लोगों को समझा-बता करके, नामदान दिला करके, भजन करा करके, उन कर्मों को काट लो।

## 17.64 करोड़ की लागत से खनुआ नदी पर टू लेन का होगा सेतु निमार्णः सभा कुंवर

♦यूपी फाइट टाइम्स♦



**ज्ञानेश्वर बरनवाल देवरिया।** देवरिया ''भाटपार रानी'' क्षेत्रीय विधायक सभा कुंवर कुशवाहा ने कहा कि भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र के खनुआ नदी पर 17ड्ट64 करोड़ की लागत से सेतु का निर्माण होगा ।यह सेतु भरथुआ-भिंगरी मार्ग को जोड़ेगा ।पक्का पुल निर्माण हेतु 8.82 करोड़ रूपया शासन से अवमुक्त हो चुका है ।सेतु निर्माण की कार्यदायी संस्था यूपी सेतु निगम है। श्री कुशवाहा ने कहा कि यहां सकरा पुल होने के कारण सेतु निर्माण की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही थी। तकरीबन दो दशक की निरंतर प्रतीक्षा के बाद सेतु निर्माण की स्वीकृति मिली है। यह सेतु मार्ग यूपी- बिहार दोनों प्रांत को जोड़ता है। बिहार प्रांत के गोपालगंज और सिवान दो जनपदों के लोग मुख्य रूप से इस मार्ग से आवा -गमन करते हैं। प्रतापपुर शुगर मिल पर किसान को गन्ना तौल के लिए बड़े वाहनों का प्रयोग इस पुल के ही माध्यम से करना पड़ता है। दोनों प्रांतों के आर्थिक विकास का यह मुख्य मार्गों में से प्रमुख मार्ग है। उन्होंने ने कहा कि खनुआ नदी पर 1977 में जनता पार्टी की सरकार के दौरान सिंचाई मंत्री शारदा प्रसाद रावत द्वारा पुल का शिलान्यास किया गया था। यह पुल काफी सकरा है। आवा गमन को लेकर पुल के दोनों तरफ आए दिन जनता को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है । नई सेतु के निर्माण होने से जनता को इस समस्या से मुक्ति मिलेगी। सेतु का निर्माण टू लेन के मानक के अनुरूप होगा । श्री कुशवाहा ने कहा कि चखनी घाट पर भी पक्का सेतु निर्माण हेतु प्रयास जारी है। यहां भी सेतु निर्माण की यथा शीघ्र स्वीकृति प्राप्त हो जाएगी। केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार विकास का आए दिन नया कीर्तिमान गढ़ रही है। विकास कार्यों के धन बाधक नहीं है। मेरा सपना है जनता के सानिध्य में रहकर भाटपार रानी विधानसभा को मॉडल विधानसभा बनाने की । इस दिशा में प्रयास जारी है। सेतु निर्माण की स्वीकृति मिलने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। हर्ष व्यक्त करने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह, पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य राजकुमार शाही, हरिचरण सिंह कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती बिंदा सिंह कुशवाहा ,डॉ भानु प्रताप सिंह, डॉ शम्स परवेज, सुरेश तिवारी ,राजेंद्र प्रसाद जासवाल ,राजेश गुप्ता, उमेश प्रसाद शाही, चंदन मद्धेशिया, हरिकेश बहादुर सिंह, अनिरुद्ध कुशवाहा, छोटे लाल यादव आदि लोग शामिल रहे।

## रोजगार मेला का आयोजन आगामी 10 जनवरी को होगा जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा

♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**बस्ती।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय माडल कॅरियर सेन्टर बस्ती द्वारा एकदिवसीय रोजगार मेला का आयोजन आगामी 10 जनवरी पूर्वान्ह 10.30 बजे से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय कैम्पस कटरा मूड़घाट रोड बस्ती में किया जायेंगा उक्त जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा ने बताया कि इस मेले में बस्ती रोडवेज उत्तर प्रदेश परिवहन निगम बस्ती डिपों के ए0आर०एम भर्ती अधिकारी सविंदा चालक के रिक्त 50 ड्राइवर पद के लिए साक्षात्कार के माध्यम से कैम्पस भर्ती करेंगें उन्होने बताया कि शैक्षिक योग्यता कम से कम कक्षा 8 पास, लम्बाई 5 फुट 3 इंच हैवी लाइसेन्स वाहन चलाने का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव आयु 23 वर्ष 6 माह न्यूनतम होनी चाहिए सविंदा चालक ड्राइवर पद चयनित होने के उपरान्त मानदेय 1.89 पैसा प्रतिकिलोमीटर, 5000 से अधिक किलोमीटर एवं 22 दिन के संचालन पर रु० 3000 का अतिरिक्त प्रोत्साहन देय होगा साथ ही प्रति नाइट भत्ता एवं टारगेट से अधिक आय पर अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा उन्होने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ निःशुल्क प्रतिभाग कर साक्षात्कार के माध्यम चयन होने हेतु सम्मिलित हो सकते है अथवा इच्छुक जाबसीकर सेवायोजन पोर्टल sewayojan.up.nic.in पर भी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।



## डीएम ने हर–घर नल से जल योजनान्तर्गत जन–जागरूकता एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना




♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से जल-जीवन मिशन हर-घर नल से जल योजनान्तर्गत जन-जागरूकता के लिए एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता, जल निगम जयपाल सिंह एवं जिला परियोजना समन्वयक विमल कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। अधिशासी अभियंता, जल निगम जयपाल सिंह ने बताया कि एलईडी वैन जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहें विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में जाकर आमजन को जल-जीवन मिशन हर-घर नल से जल योजना के सम्बन्ध मे आमजन को जागरूक करेंगी।

## जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी ने गरीब एवं असहाय लोगों को रात में वितरित किया कंम्बल

♦यूपी फाइट टाइम्स♦



**बस्ती।** गरीबो को ठण्ड से बचाव के लिए आधी रात को निकले जिलाधिकारी अध्यक्ष रेडक्रास अन्द्रा वामसी ने सदस्यों के साथ रेडक्रास की ओर से कम्बल का वितरण जिला महिला अस्पताल पहुॅचकर किया इस अवसर पर उन्होने स्वयं सेवी संस्थाओं से अपील किया कि ठण्ड से बचाव के लिए असहाय एंव गरीबो के लिए कम्बल वितरण करायें कार्यक्रम का आयोजन संचालन सरदार कुलविन्दर सिंह ने किया इस अवसर पर महिला अस्पताल के सीएमएस डा पी.के.श्रीवास्तव रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य डा. वी.के.वर्मा राजेन्द्र सिंह राजावत कुलदीप सिंह, लाडले हैदर रिजवी राहुल मोदी काजी.फरजान शेलेन्द्र राय डेनियल सैयद विनय मौर्या प्रताप शंकर पाण्डेय सरदार दीपेन्द्र सिंह एडवोकेट रोहित गौड़ अदित्य गौड़ सौरभ यादव चुन्ना प्रसाद सैनिक कुमार रामदीन शिवा गौड़ शिवानी आयुष सिंह बबीता उपस्थित रहें।

## अहिरौली बाजार पुलिस ने हत्या के मुकदमे में दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**धनंजय पाण्डेय यूपी।** कुशीनगर जनपद के अहिरौली बाजार थाना पुलिस ने अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 07.01.2024 को थाना प्रभारी मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 426/2023 धारा 498ए/323/304बी/34 भादवि व ३ डीपी एक्ट व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त 01. विष्णु राजभर पुत्र मुसई राजभर, 02. मुसई पुत्र सिद्धू उर्फ बेचारी राजभर साकिनान परतावल थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार करने वाली टीम थाना प्रभारी व0उ0नि0 रविभूषण राय उ0नि0 श्री विनोद सिंह कां0 सोनू चौहान शामिल रहे।

## राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण पत्र व अक्षत जनमानस में बांटा गया

♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**कौशाम्बी।** राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा भेजे गए आमंत्रण पत्र ,जन्म भूमि मंदिर छायाचित्र व अक्षत नगर पंचायत सराय अकिल के विभिन्न वार्डों में देकर उनसे आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घर व गांव मोहल्ले में स्थित मंदिर में आस पड़ोस के राम भक्तों को एकत्रित करके भजन कीर्तन करने वह शंख ध्वनिस घंटानाथ, आरती करने एवं प्रसाद वितरित करने का निवेदन किया गया ज्ञात हो कि नगर पंचायत सराय अकिल व आसपास के गांव के लोगों से राम जय राम जय जय राम महामंत्र का 108 बार जाप करने हनुमान चालीसा सुंदरकांड राम रक्षा स्त्रोत का सामूहिक पाठ करने की भी अपील की गई। प्राण प्रतिष्ठा के दिन सायंकाल के बाद अपने घर के सामने दीप मलिक सजाकर दीपक उत्सव मनाएं इससे देश का वातावरण धार्मिक होगा और हमारे देश के लोगों का जीवन मंगलमय होगा इस अवसर पर खंड संघ संचालक पुरुषोत्तम लाल वर्मा, शिव बाबू केसरवानी, अनिल केसरवानी, सुभाष केसरवानी, मुन्ना केसरवानी, कामता प्रसाद चौरसिया, कल्लू अग्रहरि, दिनेश जायसवाल, नरेश चंद्र अग्रहरी, बसंत केसरवानी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।




## न्यूज. ब्रीफ

### हड़ताल : सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दुकानदार वेतन और अधिक कमीशन की कर रहे मांग

कौशाम्बी। जिले में हरियाणा, गुजरात सहित कई अन्य प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के वितरकों को मिल रही सुविधाओ की कौशाम्बी जिले के वितरक भी मांग कर रहे है। वेतन और अधिक कमीशन की मांग को लेकर जिले के सभी वितरक हड़ताल पर चले गए है। जिले के सभी वितरक 25 से 50 हजार वेतन और 200 रुपए कुंटल कमीशन की मांग को लेकर हड़ताल पर है। ज्ञात हो कि जिले के सार्वजनिक वितरण प्रणाली वितरक संघ के संरक्षक लाखन सिंह राजपासी ने बताया कि हरियाणा, गुजरात जैसे कई प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के वितरकों को 200 से लेकर 250 रुपए प्रति कुंतल कमीशन और वेतन दिया जा है। लकी उत्तर प्रदेश में वितरकों को मात्र 90 रुपए प्रति कुंतल ही कमीशन दिया जा रहा है। यही नहीं डोर डिलीवरी का बावजूद सभी वितरकों को मजदूर को मजदूरी भी देनी पड़ती है और सभी वितरकों को निर्धारित मानक से कम तौल की बोरिया दी जाती है। जिससे राशन का स्टॉक हमेशा कम बना रहता है। संघ के संरक्षक ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है कि अन्य प्रदेशों की तरह ही कौशाम्बी जिले के भी वितरकों को घटतौली न कर पूरा राशन देने सभी वितरकों को 25 से 50 हजार रुपए प्रति महीने वेतन देने और 200 रुपए प्रति कुंतल कमीशन देने का आदेश करे। इतने कम कमीशन में उनका परिवार नही चल पाता है,अन्यथा जिले के लगभग 500 वितरक अपनी हड़ताल जारी रखेंगे।

### अधिवक्ताओं ने एसपी आफिस में किया प्रदर्शन, इंस्पेक्टर को हटाए जाने की मांग की

**कौशाम्बी।** माडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के सैकड़ो अधिवक्ताओं ने सोमवार को एसपी ऑफिस का घेराव कर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। अधिवक्ता इंस्पेक्टर सराय अकिल को हटाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है। बार एसोसिएशन के महामंत्री लक्ष्मी कांत त्रिपाठी ने बताया कि सराय अकिल थाना प्रभारी हमेशा से विवादों में रहते है। अधिवक्ता साथी नीरज मिश्रा के भाई पर हुए जानलेवा हमला मामले में इंस्पेक्टर लगातार लापरवाही बरत रहे है। जिसको लेकर प्रदर्शन किया गया है। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय मंझनपुर में कचेहरी के सैकड़ो अधिवक्ता सड़क पर उतर आए। अधिवक्ताओं का समूह नारेबाजी कर पुलिस ऑफिस परिसर में घुस गया और इंस्पेक्टर सराय अकिल विनीत सिंह के खिलाफ नारेबाजी कर हटाए जाने की मांग उठाई है। अधिवक्ता अपने साथी वकील नीरज मिश्रा के भाई मुकेश मिश्रा पर हुए जानलेवा हमले में प्रभावी कार्यवाही ना किए जाने से नाराज है। मुकेश मिश्रा पर पड़ोसी विद्यासागर सिंह ने पेड़ काटने का विरोध करने पर कुल्हाड़ी से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसमे थाना पुलिस ने आरोपियों को पकड़ कर छोड़ दिया। मुकद्दमा भी दर्ज किए जाने में हल्की धाराओं का मुकद्दमा दर्ज किया गया। महामंत्री लक्ष्मी कांत त्रिपाठी ने बताया, इंस्पेक्टर सराय अकिल अधिवक्ता मामले को लेकर वारदात के बाद से लापरवाही बरत रहे है। जब तक इंस्पेक्टर को थाने से नहीं हटाया जाएगा। तब तक वह अपना आंदोलन जारी रखेंगे।

### देवरिया पुलिस ने गोली कांड का किया खुलासा

**ज्ञानेश्वर बरनवाल देवरिया।** देवरिया जिलें के बनकटा थाना क्षेत्रान्तर्गत रामकोला चट्टी में एक युवक को गोली लगने के सम्बन्ध में थाना बनकटा पर अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध मु0अ0सं0-02/2024 धारा-34,307 भादंसं का अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचना की जा रही थी। जिसमे आज थाना बनकटा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम रामकोला चट्टी से 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से कुल 03 अदद देशी तमन्चा व 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि ग्राम तिलौली में शिवकुमार राजभर उपरोक्त के घर पर उसके जन्मदिन के दिन हम लोग मौजूद थे जहां पर तमंचे से फायर हो गया जो पीड़ित को लग गयी थी। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए बरामद देशी तमंचा व कारतूस को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

### एएसपी ने पैदल गश्त कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

सोमवार की शाम एएसपी अशोक वर्मा ने नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा में पैदल गश्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था परखी। इस पैदल गश्त के दौरान दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। और पैदल गश्त के दौरान व्यापारियों,प्रतिनिधियों एवं आम जनमानस से संवाद किया गया और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर थाना/डायल 112 में मदद लेने के लिए कहा गया। इस दौरान कहा कि किसी भी अपराध के होने पर तत्काल सूचना संबंधित थाने पर दे तथा जनता से सुरक्षा का भाव जागृत कर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आम जनमानस से वार्ताकर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराया गया। एएसपी ने मातहतों को निर्देश दिए हैं कि अराजकतत्वों पैनी नजर रखने के साथ अपने-अपने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाने के साथ रात्रि गश्त करते रहे।



# संपादकीय

## कांग्रेस की एक और यात्रा

कांग्रेस लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए माहौल बनाने की कोशिश में जुटी है। बीजेपी जहां अयोध्या राममंदिर पर जोर दे रही है, तो कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी करने की तैयारी में है।

इस चुनावी साल में देश का माहौल अपने अनुकूल बनाने की कोशिश के तौर पर जहां सत्तारूढ़ बीजेपी अयोध्या में राममंदिर से जुड़ी गतिविधियों पर अधिक से अधिक जोर दे रही है, वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का एलान कर दिया है। पिछले साल की भारत जोड़ो यात्रा की कामयाबी से प्रेरित कांग्रेस इस यात्रा को थोड़ा अलग रखते हुए भी चाहती है कि लोग इसे उसी यात्रा की अगली कड़ी के रूप में देखें।

इसलिए भले ही लोकसभा चुनावों के मद्देनजर वक्त की कमी का हवाला देते हुए इसे हाइब्रिड मोड में रखा गया है, यानी यात्रा का बड़ा हिस्सा बस में तय होगा और बीच-बीच में पैदल मार्च भी किया जाएगा, लेकिन भारत न्याय यात्रा नाम घोषित कर देने के बाद उसे बदलकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा किया गया तो इसके पीछे मकसद यही है कि भारत जोड़ो का संदर्भ कमजोर न पड़ जाए। यात्रा की शुरुआत हिंसा पीड़ित मणिपुर से करना अपने आप में एक बड़ा संदेश है जो कांग्रेस अधिक से अधिक प्रचारित करना चाहेगी। इसके साथ ही यात्रा के केंद्र में न्याय को रखना बताता है कि कांग्रेस इसके जरिए न सिर्फ संवैधानिक मूल्यों पर जोर देना चाहती है बल्कि यह दिखाना चाहती है कि सत्तारूढ़ पक्ष एक धर्म, एक पंथ, एक संस्कृति और एक नेता पर जोर देते हुए भारत की उस मूल दृष्टि को नुकसान पहुंचा रहा है, जो सबके साथ न्याय और सबके साथ उदारता की बदौलत भारत की बहुलता की रक्षा करती रही है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान तालमेल में कमी के चलते कई जगह क्षेत्रीय विपक्षी पार्टियों के नेता उससे दूरी बरतते देखे गए थे। इस बार कांग्रेस ने पहले से ही साफ कर दिया है कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।



संपादक
सतीश गोयल

## आदित्य-एल1 जिस लैग्रेंजियन बिंदु पर पहुंचा आदित्य-एल1 वह क्या है, सूर्य का अध्ययन यहीं से क्यों?

(शिवेंद्र तिवारी)

आदित्य-एल1 मिशन को लैग्रेंजियन बिंदु 1 पर भेजा गया है। दरअसल, लैग्रेंजियन बिंदु अंतरिक्ष में वह स्थान है जहां एक छोटी वस्तु सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के तहत संतुलन में रह सकती है। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता के बाद इसरो को सूर्य मिशन में भी सफलता मिल गई है। शनिवार को आदित्य-एल 1 लॉन्च अपने गंतव्य बिंदु लैग्रेंज-1 पर पहुंच गया। इस मिशन का उद्देश्य सूर्य का अध्ययन करना है। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद अब दुनिया की नजर आदित्य-एल1 मिशन पर भी रही है। आखिर आदित्य-एल 1 क्या है? जिस एल1 बिंदु पर मिशन भेजा गया है, वह क्या होता है? सूर्य का अध्ययन लैग्रेंजियन बिंदु से क्यों किया जा रहा है? आइए समझते हैं...



**आदित्य-एल 1 क्या है? :** आदित्य एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाला मिशन है। इसके साथ ही इसरो ने इसे पहला अंतरिक्ष आधारित वेधशाला श्रेणी का भारतीय सौर मिशन कहा है। अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंजियन बिंदु 1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित करने की योजना थी जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर है। इसे 2 सितंबर 2023 को श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया था। भारत का आदित्य एल1 अभियान सूर्य की अदृश्य किरणों और सौर विस्फोट से निकली ऊर्जा के रहस्य सुलझाएगा।

**चंद्रयान-3 को चंद्रमा की सतह पर पहुंचने में डेढ़ महीने लग गए थे, आदित्य-एल1 कितने दिन में पहुंचा?:** आदित्य एल-1 को लैंग्रेंजियन बिन्दु 1 (एल1) तक पहुंचने में करीब चार महीने का समय लगा। इस दौरान मिशन ने 15 लाख किलोमीटर का सफर तय किया। चंद्रयान-3 की तरह यह भी अलग-अलग कक्षा से गुजरकर अपने गंतव्य तक पहुंचा।

**जिस लैग्रेंजियन बिंदु पर मिशन भेजा गया है, वह क्या है? :** लैग्रेंजियन बिंदु अंतरिक्ष में वह स्थान होते हैं जहां दो वस्तुओं के बीच कार्य करने वाले सभी गुरुत्वाकर्षण बल एक-दूसरे को निष्प्रभावी कर देते हैं। लैग्रेंजियन बिंदु में एक छोटी वस्तु दो बड़े पिंडों (सूर्य और पृथ्वी) के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के तहत संतुलन में रह सकती है। इस वजह से एल1 बिंदु का उपयोग अंतरिक्ष यान के उड़ने के लिए किया जा सकता है।

अंतरिक्ष में पांच लैग्रेंजियन बिंदु हैं जिन्हें एल1, एल2, एल3, एल4 और एल5 के रूप में परिभाषित किया गया है। एल1, एल2 और एल3 बिंदु सूर्य और पृथ्वी के केंद्रों को जोड़ने वाली रेखा पर स्थित हैं। वहीं एल4 और एल5 बिंदु दोनों बड़े पिंडों के केंद्रों के साथ दो समबाहु त्रिभुजों के शीर्ष बनाते हैं।

**विपक्षी गठबंधन इंडिया की चार बैठकों के बावजूद सीटों के तालमेल और प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का मुद्दा उलझने से लोकसभा चुनाव में भाजपा से मजबूती से संयुक्त रूप से मुकाबला करने पर संशय बना हुआ है। गठबंधन के दल अपनी सुविधा के हिसाब से चुनावी गणित लगा रहे हैं। क्षेत्रीय दल राज्यों के हिसाब से सीटों की दावेदारी जता रहे हैं। कोई भी दल यह नहीं चाहता कि उसके प्रभाव वाले राज्य में कांग्रेस या अन्य दलों से सीटों की शेयरिंग की जाए। यही कारण है कि विपक्षी एकता पर अभी तक सवालिया निशान लगे हुए हैं। इंडिया गठबंधन की बैठक में शिवसेना ने 23 सीटों पर अपना दावा किया। उद्धव गुट ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में उनके उम्मीदवारों ने काफी सीटें जीतीं थीं लेकिन अभी ज्यादातर उम्मीदवार एकनाथ शिंदे कैंप में जा चुके हैं। कांग्रेस ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में 23 सीटों की सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) की मांग को खारिज कर दिया।**

# इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे की राह में बड़ी बाधा बन गयी प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी

(योगेंद्र योगी)

महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं का कहना था कि शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना में बगावत होने के बाद कांग्रेस ही राज्य में सबसे पुरानी पार्टी बची है। पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने कहा कि पार्टियों के बीच समायोजन की जरूरत है।

विपक्षी गठबंधन इंडिया की चार बैठकों के बावजूद सीटों के तालमेल और प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का मुद्दा उलझने से लोकसभा चुनाव में भाजपा से मजबूती से संयुक्त रूप से मुकाबला करने पर संशय बना हुआ है। गठबंधन के दल अपनी सुविधा के हिसाब से चुनावी गणित लगा रहे हैं। क्षेत्रीय दल राज्यों के हिसाब से सीटों की दावेदारी जता रहे हैं। कोई भी दल यह नहीं चाहता कि उसके प्रभाव वाले राज्य में कांग्रेस या अन्य दलों से सीटों की शेयरिंग की जाए। यही कारण है कि विपक्षी एकता पर अभी तक सवालिया निशान लगे हुए हैं। इंडिया गठबंधन की बैठक में शिवसेना ने 23 सीटों पर अपना दावा किया। उद्धव गुट ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में उनके उम्मीदवारों ने काफी सीटें जीतीं थीं लेकिन अभी ज्यादातर उम्मीदवार एकनाथ शिंदे कैंप में जा चुके हैं। कांग्रेस ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में 23 सीटों की सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) की मांग को खारिज कर दिया।



महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं का कहना था कि शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना में बगावत होने के बाद कांग्रेस ही राज्य में सबसे पुरानी पार्टी बची है। पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने कहा कि पार्टियों के बीच समायोजन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हालांकि हर पार्टी सीटों की बड़ी हिस्सेदारी चाहती है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए शिवसेना की 23 सीटों की मांग काफी ज्यादा है। कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने उद्धव ठाकरे की यूबीटी की 23 संसदीय सीटों की मांग पर तंज कसते हुए कहा कि शिवसेना 23 सीटों की मांग कर सकती है, लेकिन वे उनका क्या करेंगे? शिवसेना के नेता चले गए हैं, जिससे संकट पैदा हो गया है। उम्मीदवारों की कमी शिवसेना के लिए एक समस्या है। वर्ष 2019 में अविभाजित शिवसेना बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन का हिस्सा थी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी अब एमवीए का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस और एनसीपी शामिल हैं। जून 2022 में एकनाथ शिंदे और 40 अन्य विधायकों ने शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया था, जिससे पार्टी में विभाजन हो गया और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई। इसके बाद शिंदे ने राज्य में सरकार बनाने के लिए बीजेपी से हाथ मिला लिया।

इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग का इंतजार किए बगैर ही समाजवादी पार्टी भी उत्तर प्रदेश में इलेक्शन की तैयारी कर रही है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन की जीत को लेकर बड़ा दावा कर दिया। अखिलेश यादव के मुताबिक अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है। इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटें जीतेगा। पूर्व सीएम ने ये भी कहा कि 80 सीटें जीतकर बीजेपी को सत्ता से बाहर करना है। सपा अध्यक्ष के बयान से जाहिर है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए कोई स्थान नहीं बचा है। अर्थात कांग्रेस को अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की है। लेकिन यह निश्चित है कि अखिलेश यादव आसानी से कांग्रेस से सीट शेयरिंग करने को तैयार नहीं होंगे। दरअसल कांग्रेस नहीं चाहती कि बैठक में कोई ठोस निर्णय से पहले किसी तरह की जल्दबाजी करे। ऐसे में विपक्ष की एकता के बिखराव का ठीकरा कांग्रेस के सिर फूटेगा। इसी से कांग्रेस फिलहाल बचना चाहती है। सीट शेयरिंग का मुद्दा इंडिया गठबंधन के लिए सुलझाना आसान नहीं है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अध्यक्ष ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन को लेकर कहा कि इंडिया गठबंधन देशभर में बीजेपी से मुकाबला करेगा। बंगाल में इस लड़ाई का नेतृत्व टीएमसी करेगी। इससे जाहिर है कि ममता ने कांग्रेस को साफ संदेश दे दिया है कि पश्चिम बंगाल में सीट शेयरिंग का मुगालता नहीं पाले। इस पर भी कांग्रेस की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। कांग्रेस के लिए बिहार में भी सीट शेयरिंग के दरवाजे आसानी से खुलने की संभावना नहीं है। ममता और अखिलेश की तरह बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार भी इस बात के समर्थक रहे हैं कि जिन राज्यों में जिन दलों का प्रभाव है, अर्थात पिछले लोकसभा चुनाव में जिस दल की सीटें जितनी हैं, उस हिसाब से सीट शेयरिंग की जाए। ऐसे में बिहार में कांग्रेस के लिए तालमेल बिठाना मुश्किल है। कमोबेश यही स्थिति अरविन्द केजरीवाल की पार्टी आप की है। केजरीवाल भी कांग्रेस को दिल्ली और पंजाब से बाहर रखना चाहते हैं। केजरीवाल की पार्टी के अन्य नेता इस बात के संकेत दे चुके हैं, यदि समझौता हुआ भी तो कांग्रेस के हिस्से में नाममात्र की सीटे ही आएंगी। सीट शेयरिंग की तरह ही प्रधानमंत्री पद का मुद्दा भी विपक्षी एकता की कवायद को आगे बढ़ाने में मुश्किल पैदा कर रहा है। हालांकि यह मुद्दा तुलनात्मक रूप से फिलहाल इतना बड़ा नहीं है। दिल्ली में हुई बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए प्रस्तावित करने पर यह मुद्दा गरमा गया। हालांकि खरगे ने प्रधानमंत्री पद का दावेदार होने से इंकार कर दिया। खरगे ने प्रधानमंत्री पद के चेहरे के मुद्दे को ठंडे बस्ते में रखने की इच्छा व्यक्त की थी और इस बात पर जोर दिया था कि इंडिया गठबंधन को पहले पर्याप्त संख्या में लोकसभा सीटें जीतने की जरूरत है। ममता और केजरीवाल ने खरगे के नाम का दांव बड़ा सोच समझ कर चला। इससे राहुल गांधी के लिए परेशानी बढ़ सकती है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि 1977 का लोकसभा चुनाव विपक्ष ने मोरारजी देसाई को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए बिना लड़ा था। पवार ने यह भी भरोसा जताया कि अगले आम चुनाव के लिए इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि 1977 का लोकसभा चुनाव विपक्ष ने बिना प्रधानमंत्री पद का चेहरा पेश किए लड़ा था। चुनाव में विपक्ष की जीत के बाद मोरारजी देसाई को इस पद के लिए चुना गया। पवार ने कहा कि राज्यों में हाल के विधानसभा चुनावों में खराब नतीजों के बावजूद हमें विश्वास है कि लोग इंडिया गठबंधन को एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में स्वीकार करेंगे। हम सभी एहतियात बरत रहे हैं। अभी तक सीट-बंटवारे पर कोई बातचीत नहीं हुई है। लेकिन सर्वसम्मति बनाने और मतभेदों को सुलझाने के लिए बातचीत शुरू हो गई है।

प्रधानमंत्री पद की दावेदारी के बीच इस बात के कयास लगाए गए कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार खरगे का नाम आगे बढ़ाए जाने से नाराज हैं। नीतीश कुमार ने उन अटकलों को खारिज कर दिया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाने का सुझाव और उन्हें गठबंधन का संयोजक नहीं बनाए जाने के कारण उन्हें मायूसी हुई और वे इसको लेकर नाराज हैं। खरगे का नाम प्रस्तावित किए जाने के बारे में उन्होंने कहा कि बैठक में मुद्दा (एक नेता के नाम का) आया। मैंने शुरू में ही स्पष्ट कर दिया था कि हमारी अपनी कोई इच्छा नहीं है। सब लोग साथ मिलकर चलें यही हम चाहते हैं। फिर एक और नाम प्रस्तावित किया गया, मैंने कहा कि यह ठीक है। यह बात दीगर है कि नीतिश की पार्टी के कई नेता उनका नाम प्रधानमंत्री पद के लिए बता चुके हैं। इंडिया गठबंधन की चार बैठकों के बावजूद सीट शेयरिंग को लेकर कोई नतीजा नहीं निकलने से इस बात के साफ संकेत हैं कि यह मुद्दा बोतल के जिन्न की तरह है, जिसके निकलते ही दल की एकता के भंग होने का खतरा है। सभी दल अपनी ताकत बढ़ाने के लिए दूसरे दलों से सीट शेयरिंग के लिए आसानी से तैयार नहीं होंगे। इसमें सबसे ज्यादा फजीहत कांग्रेस की होनी तय है। कांग्रेस को कोई भी दल सीट नहीं देना चाहता। कांग्रेस को सीट देनी भी पड़े तो नाममात्र की सीटों पर ही टरकाया जाएगा। इस बात की संभावना क्षीण है कि कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के सीट शेयरिंग फार्मूले से सहमत होगी, ऐसे में प्रमुख राज्य कांग्रेस के हाथ से निकल जाएंगे, जिसे कांग्रेस कदापि नहीं चाहेगी। इसी वजह से गठबंधन की कवायद पर संशय के बादल मंडरा रहे हैं।

# चीन की दोहरी मुश्किलों का क्या भारत उठा सकता है कोई लाभ, पर कठिन है राह

***ताइवान में 13 जनवरी को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले, नए वर्ष के संबोधन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ताइवान को लेकर सख्त संदेश देते हुए कहा कि ताइवान को फिर से चीन के साथ एकीकृत किया जाएगा। इससे कुछ ही दिन पहले पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के संस्थापक माओ त्से तुंग के जन्म की 130वीं वर्षगांठ के अवसर पर भी शी जिनपिंग ने दावा किया था कि चीन के साथ ताइवान का पुनः एकीकरण अपरिहार्य है। यह ताइवान में होने वाले महत्वपूर्ण चुनाव से पहले बीजिंग के दीर्घकालिक रुख पर बल देता है। चीन 2.3 करोड़ की आबादी वाले स्व-शासित द्वीप ताइवान को अपने एक प्रांत के रूप में देखता है, जबकि ताइवान अपने संविधान और लोकतांत्रिक ढंग से चुने गए नेताओं के साथ खुद को चीनी मुख्य भूमि से अलग मानता है। उधर ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने अपने नए साल के संबोधन में कहा कि चीन के साथ ताइवान के संबंध 'ताइवान के लोगों की इच्छा' से तय होने चाहिए। उनकी सरकार ने बार-बार चेतावनी दी है कि बीजिंग चुनाव में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, जहां एक नया राष्ट्रपति और सरकार चुनी जाएगी।***

(जितेंद्र उत्तम)

कई अर्थशास्त्री अब मानते हैं कि चीन बहुत धीमी वृद्धि के युग में प्रवेश कर रहा है, जो प्रतिकूल जनसांख्यिकी और अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ बढ़ते विवाद के कारण और भी बदतर हो गया है और जो उसके विदेशी निवेश व व्यापार को खतरे में डाल रहा है। भारत इस स्थिति का लाभ उठा सकता है।

ताइवान में 13 जनवरी को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले, नए वर्ष के संबोधन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ताइवान को लेकर सख्त संदेश देते हुए कहा कि ताइवान को फिर से चीन के साथ एकीकृत किया जाएगा। इससे कुछ ही दिन पहले पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के संस्थापक माओ त्से तुंग के जन्म की 130वीं वर्षगांठ के अवसर पर भी शी जिनपिंग ने दावा किया था कि चीन के साथ ताइवान का पुन- एकीकरण अपरिहार्य है। यह ताइवान में होने वाले महत्वपूर्ण चुनाव से पहले बीजिंग के दीर्घकालिक रुख पर बल देता है।

चीन 2.3 करोड़ की आबादी वाले स्व-शासित द्वीप ताइवान को अपने एक प्रांत के रूप में देखता है, जबकि ताइवान अपने संविधान और लोकतांत्रिक ढंग से चुने गए नेताओं के साथ खुद को चीनी मुख्य भूमि से अलग मानता है। उधर ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने अपने नए साल के संबोधन में कहा कि चीन के साथ ताइवान के संबंध 'ताइवान के लोगों की इच्छा' से तय होने चाहिए। उनकी सरकार ने बार-बार चेतावनी दी है कि बीजिंग चुनाव में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, जहां एक नया राष्ट्रपति और सरकार चुनी जाएगी।

असल में शी जिनपिंग का यह रुख चीन की हताशा को भी दर्शाता है, जो उसकी दोहरी चुनौतियों से उभरी है। चीन के समक्ष दो तरह की चुनौतियां हैं-आर्थिक मोर्चे पर मंदी और पश्चिमी देशों की घेरेबंदी। हाल के समय में इन चुनौतियों ने चीन के सावधानीपूर्वक निर्मित भव्य आख्यान को प्रभावी ढंग से प्रभावित किया है, जो चीनी क्षेत्र के उदय को महिमामंडित करता है। हालांकि यह मात्र प्रचार नहीं था, क्योंकि 1978 के बाद चीन में औसत वास्तविक विकास दर नौ फीसदी से ज्यादा देखी गई और कुछ चरम वर्षों में इसकी अर्थव्यवस्था 13 फीसदी के ज्यादा के दर से बढ़ी। इस सफलता ने एक गरीब कृषि संस्कृति वाले चीन को औद्योगिक दिग्गज राष्ट्र में बदल दिया। हालांकि तेजी से बदलते घटनाक्रम में चीन की अजेयता अतीत की बात लगने लगी है। कोविड-19 महामारी के प्रति इसकी शून्य सहिष्णुता और राष्ट्रपति शी



जिनपिंग के बढ़ते तानाशाही रवैये ने चौतरफा आलोचना बटोरी है।

वर्ष 2023 के पहले तीन महीनों के मुकाबले दूसरी तिमाही में चीन की जीडीपी मात्र 0.8 फीसदी बढ़ी। चीन की अनुमानित वार्षिक विकास दर अब तीन फीसदी के करीब नजर आ रही है, जो पिछले तीन दशकों में सबसे कमजोर है। नए वर्ष की पूर्व संध्या पर जिनपिंग ने कहा कि कुछ उद्यमों (व्यवसायों) को कठिन समय का सामना करना पड़ा और कुछ लोगों को नौकरियां ढूंढने और बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मुश्किल हुई। यह शीर्ष नेतृत्व द्वारा चीनी अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली विपरीत स्थितियों की दुर्लभ स्वीकारोक्ति थी।

कई अर्थशास्त्री अब मानते हैं कि चीन बहुत धीमी वृद्धि के युग में प्रवेश कर रहा है, जो प्रतिकूल जनसांख्यिकी और अमेरिका व उसके सहयोगियों के साथ बढ़ते विवाद के कारण और भी बदतर हो गया है और जो उसके विदेशी निवेश तथा व्यापार को खतरे में डाल रहा है। विद्वान यह तय करने में लगे हैं कि चीन की मौजूदा आर्थिक समस्याएं अल्पकालिक हैं या संरचनात्मक। 40 खरब डॉलर के विशाल मुद्रा भंडार के साथ चीन अल्पकालिक समस्याओं से निपटने में सक्षम है। लेकिन बुजुर्ग होती आबादी, पश्चिमी बाजारों से अलगाव, स्थानीय मांग के बजाय अधिकांशतः निवेश आधारित आर्थिक विकास जैसे संरचनात्मक मुद्दे जल्द हल होने वाले नहीं हैं। फिर भी, चीन को जल्दबाजी में खारिज करना गलती होगा। वैश्विक उतार-चढ़ाव को देखते हुए कई लोग अब भी मानते हैं कि सभी बाधाओं के बावजूद 21वीं सदी 'चीनी सदी' होने जा रही है। दोहरे अंकों की आर्थिक वृद्धि के सुनहरे दिनों ने चीनी शासक को महत्वाकांक्षी बीआरआई परियोजना शुरू करने की प्रेरणा दी। विकास के चकित कर देने वाले रिकॉर्ड से प्रभावित होकर चीन ने 'शांतिपूर्ण विकास' की परिकल्पना से बाहर निकल कर अधिक आक्रामक रुख अपना लिया, जिससे उच्च हिमालय से लेकर दक्षिण चीन सागर तक समस्याएं पैदा हो गईं। बीजिंग की आक्रामकता ताइवान के एकीकरण के दावे के साथ 'वन चाइना पॉलिसी' के जबरन कार्यान्वयन में तब्दील हो गई। इसने चीन को अमेरिका के साथ विवाद में उलझा दिया, जो ताइवान की सुरक्षा की गारंटी का दावा करता है। चीन अमेरिकी वर्चस्व वाली उदार विश्व व्यवस्था को चुनौती देने के लिए तैयार है। उसने पश्चिम की रणनीतिक घेरेबंदी को तोड़ने के लिए रूस से हाथ मिलाया है।

# आधुनिक बकरी पालन व्यवसाय की सम्पूर्ण जानकारी



## बकरी पालन-एक परिचय

बकरी पालन प्रायः सभी जलवायु में कम लागत, साधारण आवास, सामान्य रख–रखाव तथा पालन–पोषण के साथ संभव है। इसके उत्पाद की बिक्री हेतु बाजार सर्वत्र उपलब्ध है। इन्हीं कारणों से पशुधन में बकरी का एक विशेष स्थान है। उपरोक्त गुणों के आधार पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी बकरी को 'गरीब की गाय' कहा करते थे। आज के परिवेश में भी यह कथन महत्वपूर्ण है। आज जब एक ओर पशुओं के चारे–दाने एवं दवाई महँगी होने से पशुपालन आर्थिक दृष्टि से कम लाभकारी हो रहा है वहीं बकरी पालन कम लागत एवं सामान्य देख–रेख में गरीब किसानों एवं खेतिहर मजदूरों के जीविकोपार्जन का एक साधन बन रहा है। इतना ही नहीं इससे होने वाली आय समाज के आर्थिक रूप से सम्पन्न लोगों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। बकरी पालन स्वरोजगार का एक प्रबल साधन बन रहा है।

भारत जैसे देशो में पशु पालन व्यवसाय सदियों से चला रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन तो आय का प्रमुख स्त्रोत रहा है। ऐसा ही एक बहुत ही लोकप्रिय है उन में से एक है बकरी पालन व्यवसाय। राजस्थान सरकार द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में बकरियों की कुल संख्या लगभग 12 करोड़ है। विश्व की कुल बकरी संख्या का 20 प्रतिशत भारत में ही पाया जाता है। जो की एक विशाल नंबर है। बकरी एक बहुउपयोगी, सीधा–साधा, किसी भी वातावरण में आसानी से ढलने वाला छोटा पशु है जो अपनी रहन–सहन व खान–पान सम्बंधित आदतों के कारण सबका चाहता पशु है।

## बकरी पालन की उपयोगिता

बकरी पालन मुख्य रूप से मांस, दूध एवं रोंआ (पसमीना एवं मोहेर) के लिए किया जा सकता है। झारखंड राज्य के लिए बकरी पालन मुख्य रूप से मांस उत्पादन हेतु एक अच्छा व्यवसाय का रूप ले सकती है। इस क्षेत्र में पायी जाने वाली बकरियाँ अल्प आयु में वयस्क होकर दो वर्ष में कम से कम 3 बार बच्चों को जन्म देती हैं और एक वियान में 2–3 बच्चों को जन्म देती हैं। बकरियों से मांस, दूध, खाल एवं रोंआ के अतिरिक्त इसके मल–मूत्र से जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। बकरियाँ प्रायः चारागाह पर निर्भर रहती हैं। यह झाड़ियाँ, जंगली घास तथा पेड़ के पत्तों को खाकर हमलोगों के लिए पौष्टिक पदार्थ जैसे मांस एवं दूध उत्पादित करती हैं।

## बकरी की विभिन्न उपयोगी नस्लें

संसार में बकरियों की कुल 102 प्रजातियाँ उपलब्ध है। जिसमें से 20 भारतवर्ष में है। अपने देश में पायी जाने वाली विभिन्न नस्लें मुख्य रूप से मांस उत्पादन हेतु उपयुक्त है। यहाँ की बकरियाँ पश्चिमी देशों में पायी जाने वाली बकरियों की तुलना में कम मांस एवं दूध उत्पादित करती है क्योंकि वैज्ञानिक विधि से इसके पैत्रिकीविकास, पोषण एवं बीमारियों से बचाव पर समुचित ध्यान नहीं दिया गया है। बकरियों का पैत्रिकी विकास प्राकृतिक चुनाव एवं पैत्रिकी पृथकता से ही संभव हो पाया है। पिछले 25–30 वर्षों में बकरी पालन के विभिन्न पहलुओं पर काफी लाभकारी अनुसंधान हुए हैं फिर भी राष्टीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर गहन शोध की आवश्यकता है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली की ओर से भारत की विभिन्न जलवायु की उन्नत नस्लें जैसेः ब्लैक बंगला, बारबरी, जमनापारी, सिरोही, मारबारी, मालावारी, गंजम आदि के संरक्षण एवं विकास से संबंधित योजनाएँ चलायी जा रही है। इन कार्यक्रमों के विस्तार की आवश्यकता है ताकि विभिन्न जलवायु एवं परिवेश में पायी जाने वाली अन्य उपयोगी नस्लों की विशेषता एवं उत्पादकता का समुचित जानकारी हो सके। इन जानकारियों के आधार पर ही क्षेत्र विशेष के लिए बकरियों से होने वाली आय में वृद्धि हेतु योजनाएँ सुचारू रूप से चलायी जा सकती है। बकरी पालन व्यवसाय भी काफी प्रचलित हो रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोग इसकी तरफ आकर्षित हो रहे हैं क्योंकि यह कम लागत में ज्यादा मुनाफा देता है।

इस लेख में बकरी पालन से संबंधित सारी जानकारी को प्रस्तुत किया गया है, जो बकरी पालकों और उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी है जो इसमें अपना भविष्य बनाना चाहते है।

बकरियों की उपयोगी नस्लें ङ्क इस भाग में बकरियों की उपयोगी नस्लों, भारत की उपयोगी नस्लों एवं विदेश की प्रमुख नस्लों के विषय में जानकारी है।

झारखंड राज्य के लिए संकर नस्ल के बकरी पालन व उसकी उपयोगिता ङ्क इस भाग में प्रजनन हेतु नर के चयन, गर्भवती बकरी की देख–रेख, मांस उत्पादन हेतु बकरी पालन, बकरियों में होने वाले रोग एवं रोग के लक्षण तथा रोकथाम के विषय में जानकारी है।

बकरी पालन से संबंधित आवश्यक बातें ङ्क इस भाग में बकरी पालन से सम्बंधित आवश्यक बातो का वर्णन है।

दस व्यस्क बकरियों के आय–व्यय का ब्योरा ङ्क इस भाग में बकरियों के आय–व्यय का ब्योरा है।

### राज्य के हिसाब से बकरी की उत्तम नस्ल

| राजस्थान | पश्चिम बंगाल | उत्तर प्रदेश |
|---|---|---|
| सिरोही, बीटल, सोजत | ब्लैक बंगाल | बारबरी, जमुनापरी |

## बकरी पालन व्यवसाय



बकरी पालन एक ऐसा व्यवसाय है जो कम जमापूँजी में अधिक मुनाफा देता है। इसके साथ यह जानवरों को एक अच्छा माहौल प्रदान कराता है। आज के युग में लोग बहुत से जानवरों का पालन करते हैं जिनका दाना–पानी और रहने की व्यवस्था उन्हें काफी महंगी पड़ती है। वहीं बकरी पालन एक सस्ता और टिकाऊ व्यवसाय है जिसमें पालन का खर्च कम होने के कारण आप ज्यादा से ज्यादा मुनाफा ले सकते हैं। बकरी पालकर बेचने का व्यवसाय आपके लिए बहुत ही फायदेमंद और उपयोगी साबित हो सकता है। बकरी पालन के व्यवसाय से निम्न तरीकों से मुनाफा कमाया जा सकता है-

दूध देने वाली बकरियों को बेचकर,
बकरियों को माँस के रूप में बेचकर,
ऊन व खाल द्वारा प्राप्त आय से ,
बकरी की मींगणियों को खाद के रूप में बेचकर।

## बकरी पालन व्यवसाय में लागत

बकरी पालन शुरू करने के लिए आपको कम से कम 4,00,000 से 5,00,000 रूपये तक की जरूरत पड़ेगी। जिससे आप बकरियों के लिए शेड, उनका दाना–पानी और उनके देखभाल की जिम्मेदारी सकुशलता उठा पाएंगे। यह लागत मुख्यतः आपको शुरुआती बकरियाँ खरीदने में, शेड बनाने में, बकरियों का चारा (द्धश्वस्त्रस्त्रद्गद्ग) खरीदने में व लेबर कॉस्ट में आएगी। इस व्यवसाय से आपको अपनी लागत से ज्यादा मुनाफा कमाया जा सकता है।

## बकरी पालन के लिए टिप्स



बकरी पालन यूँ तो काफ़ी आसान बिज़नेस है लेकिन हमें इसमें कई महत्वपूर्ण चीजों का ख़ास ध्यान रखना होता है। यह कुछ इस प्रकार से हैं।

बकरी पालन के लिए सबसे पहले ध्यान रखना होता है कि उन्हें बकरियों को ठोस ज़मीन पर रखा जाएजहाँ नमी न हो । उन्हें उसी स्थान पर रखें जो हवादार व साफ़ सुथरा हो।

बकरियों के चारे में हरी पत्तियों को जरूर शामिल करें।हरा चारा बकरियों के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

बारिश से बकरियों को दूर रखे क्योंकि पानी में लगातार भीगना बकरियों के लिए नुकसान दायक है।

## बकरीपालन के लिएतीन चीजें बहुत जरूरी होती हैं:

पैसा -बिना पैसों के कुछ नहीं होता और वैसे ही गोट फार्मिंग के लिए भी पैसा बहुत जरूरी है। भले ही आप छोटे स्तर से शुरुआत करें। प्लेस- बकरियों के लिए अच्छी जगह चुनें पर याद रहे जगह आपकी खुद की हो तो ज्यादा बेहतर रहेगा जिसे आम भाषा में बाड़ा कहते हैं। इनके लिए 1 से 2 एकड़ की जमीन की आवश्यकता होती है। रेन्ट या किराये पर बकरी पालन उचित नहीं होता व काफ़ी महंगा पड़ता है।

धैर्य- इस व्यवसाय मे आपको धैर्य या patience रखना बहुत जरूरी है। एकदम से इसमें आप मुनाफा नहीं कमा सकते उसके लिए 1 से 2 साल तक इंतजार करना होगा। यह बकरी की नस्ल पर भी काफ़ी हद्द तक निर्भर करता है की आपको मुनाफा कितने समय में शुरू हो जाता है। बकरी पालन मे बकरियों परबारीकी से ध्यान देना पड़ता है। अगर आप अच्छी ट्रेनिंग लेंगे तो आप उन्हें एक नजर में देखते ही समझ जायेंगे कि कौन बीमार है और कौन दुरूस्त।बकरियों पर ध्यान रखने की आवश्यकता होती है। ये जब भी बीमार होती है तो सबसे पहले खाना–पीना छोड़ देती हैं। ऐसी स्थिति में पशु चिकित्सीय परामर्श भी लेते रहें।

## बकरियों की सही नस्ल का चुनाव

भारत में बकरियों की 20 स्थापित नस्लें हैं। विशेष बात यह है की यहाँ इन नस्लीय बकरियों की संख्या से कई गुना अधिक अवर्णित नस्ल की बकरियाँ पायी जाती हैं। बकरी पालन के लिए सही बकरी का चुनाव करते समय यह विशेष ध्यान रखें की जो भी बकरी की नस्ल आप चुनें वह आप जिस स्थान पर आप रहते हैं उस वातावरण में ढ़लने लायक हो। अपने स्थान के हिसाब से ही बकरियों की सही नस्ल का चुनाव करें जिससे वो वातावरण के अनुकूल खुद को ढ़ाल पाएँ। आपकी मदद के लिए नीचे कुछ राज्यों के हिसाब से नस्लें दी गई हैं।



## बकरी का रख रखाव (आवास एवं उपकरण)

गाँवों में आमतौर पर बकरियों के लिए लोग घर नहीं बनाते हैं ये बकरियाँ मुख्यतः चर कर अपना ज्यादा समय घूम फिर कर व्यतीत करती हैं। इन्हें समुचित आवास नहीं मिलता है परन्तु आजकल बकरीपालन एक व्यवसाय के रूप में अपने आप को स्थपित कर रहा है इसलिए अन्य पालतू जानवरों की तरह बकरियों को भी साफ सुथरे एवं हवा दार स्थान पर जैसे वातावरण में रहती हैं, उसका असर उनकी पैदावार पर पड़ता है। इसलिए बकरियों के लिए घर का इंतजाम जरूर करना चाहिए। बकरी का आवास बनाते समय निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना चाहिएः-

- बकरियों के आवास को ऊँची जगह पर बनाना चाहिए, जहाँ से वर्षा जल के निकासी की सम्पूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए।
- बकरी प्रक्षेत्र में कार्यालय, भण्डार (दाना-भूसा हेतू) गृह होना चाहिए।
- बच्चें, गर्भवती बकरियों एवं बीमार बकरियोंके आवास शुरूआत में बननी चाहिए। चारागाह एवं चारे वाले खेत सबसे बाद में होने चाहिए।
- दो बकरी आवासों के बीच में कम से कम 8 मीटर का अन्तर रखना चाहिए ताकि हवा के प्रवाह में कोई बाधा न हो।
- बकरी प्रक्षेत्र में पेड़ पौधे, झाड़ियाँ आदि लगाना चाहिए, जिससे अन्दर आने वाली हवा ठण्ढ़ी हो एवं उनके चारा की कभी भी पूरी सके।
- **दिषा** – बकरी का आवास हमारे देष की जलवायु के अनुसार पूर्व ङ्क पष्चिम दिषा में होनी चाहिए ताकि जाड़ों में धूप अन्दर तक आ सके एवं गर्मी में धूप को आसानी से अन्दर जाने से रोका जा सके।
- **छत** – बकरियों के आवास में एक जैसी जगह जो उपर से ढ़की होनी चाहिए, अधिकांषतः छतपर की छतें बनाई जाती है परन्तु आजकल एसबेस्टस या लोहे की चदरों वाली छत गर्मी तथा ठण्ढ़ रोकने में ज्यादा सहायक है वषर्ते की उसके उपर भुसे और तारकोल को मिलाकर लेप कर दिया जाय।
- **फर्ष**– बकरी आवास का फर्ष सामान्यतः मिट्टी की होती है एवं वर्षा ऋतु के पहले मिट्टी को बदल देना उचित है।
- **बाड़ा**– बकरियों का बाड़ा उनके छत वाले आवास से सटा हुआ सामने होना चाहिए। ध्यान रखना चाहिए कि बाड़े का क्षेत्रफल छत वाली जगह से दुगनी होनी चाहिए।

## बकरी पालन के लिए शेड कहाँ व कैसे बनाए

बकरी पालन के लिए शेड बनाते समय कुछ ख़ास बातों का ध्यान रखना चाहिए जैसे बकरी पालन के लिए शेड किसी कड़ी जगह पर बनाएं जहाँ पानी का स्तर ज्यादा न पहुँच पाए। बारिश बकरियों के लिए अच्छी नहीं होती है। शेड किसी खाली स्थान जो कि खेतों के बीच में हो ऐसे स्थान पर बनाएं। शेड बनाने के लिए आपको कम से कम 20,000 तक खर्च करना पड़ेगा और इसे बनाने के लिए आपको कम से कम एक से दो एकड़ ठोस जमीन की जरूरत पड़ेगी।

**जमुनापारी :**

जमुनापारी भारत में पायी जाने वाली अन्य नस्लों की तुलना में सबसे उँची तथा लम्बी होती है। यह उत्तर प्रदेश के इटावा जिला एवं गंगा, यमुना तथा चम्बल नदियों से घिरे क्षेत्र में पायी जाती है। एंग्लोनुवियन बकरियों के विकास में जमुनापारी नस्ल का विशेष योगदान रहा है।

इसके नाक काफी उभरे रहते हैं। जिसे 'रोमन' नाक कहते हैं। सींग छोटा एवं चौड़ा होता है। कान 10–12 इंच लम्बा चौड़ा मुड़ा हुआ तथा लटकता रहता है। इसके जाँघ में पीछे की ओर काफी लम्बे घने बाल रहते हैं। इसके शरीर पर सफेद एवं लाल रंग के लम्बे बाल पाये जाते हैं। इसका शरीर बेलनाकार होता है। वयस्क नर का औसत वजन 70–90 किलो ग्राम तथा मादा का वजन 50–60 किलो ग्राम होता है। इस नस्ल की बकरियाँ दूध तथा मांस उत्पादन हेतु उपयुक्त है। बकरियाँ सलाना बच्चों को जन्म देती है तथा एक बार में करीब 90 प्रतिशत एक ही बच्चा उत्पन्न करती है। इस जाति की बकरियाँ मुख्य रूप से झाड़ियाँ एवं वृक्ष के पत्तों पर निर्भर रहती है। जमुनापारी नस्ल के बकरों का प्रयोग अपने देश के विभिन्न जलवायु में पायी जाने वाली अन्य छोटे तथा मध्यम आकार की बकरियाँ के नस्ल सुधार हेतु किया गया। वैज्ञानिक अनुसंधान से यह पता चला कि जमनापारी सभी जलवायु के लिए उपयुक्त नही हैं।

## स्थाई बकरी घर एवं बकरियों को जगह की आवष्यता

- स्थाई बकरी घर पक्की ईंट/लकड़ी से बनायी जाती है। आमतौर पर दो बकरियों के लिए 4 फीट चैड़ी और 3.5 फीट लम्बी जगह काफी होती है।

सामान्यतः बकरी आवासों की औसतन लम्बाई 60 फीट (20 मीटर), चैड़ाई 20 फीट (6 मीटर) एवं किनारे पर ऊँचाई 2.7 मीटर रखी जाती है।

- बकरियों को आवास में छत से ढ़की जगह एवं खुली दोनों जगहों की आवष्यक्ता होती है। ढ़की जगह में इन्हें धूप, ओस एवं वर्षा से बचाया जाता है एवं खुली जगह जिसे बाड़ा कहा जाता है, वहाँ आराम तथा व्यायाम किया जाता है। पूरे आवस को 1/3 ढ़की जगह तथा 2/3 हिस्सा बाड़े के रूप में रखा जाता है।बकरियों के उम्र के अनुसार निम्नलिखित जगह की जरूरत होती है–
- स्थाई बकरी घर बनाने वालों को प्रजनन के लिए बकरा भी रखना चाहिए।

### घर की सफाई

घर चाहे स्थायी हो या अस्थायी, प्रतिदिन सफाई आवष्यक है। बकरी घर की नालियों एवं सड़कों की सफाई भी अच्छी तरह होनी चाहिए। समय= पर डेटोल, सेवलौन एवं फिनाईल से आवास को रोगाणुनाषित करना चाहिए।



### उपकरण

बकरी व्यवसाय के सफल्ता की कुंजी बकरी को दिये जाने वाले दाने भूसे, एवं चाने की नुकसान उन्हें खिलाते वक्त कम से कम हो। बकरी के रख रखाव में ऐसे उपकरणों का प्रयोग करना चाहिए जिससे दाने चारे का नुकसान कम हो तथा उसमें पेषाब अथवा मैंगनी जाने की सम्भावना नहीं हो। कुछ उपकरण जैसे षटकोणीय दाना चारा उपकरण, आयताकार दाना-चारा उपकरण आदि प्रयोग में लाना चाहिए। 3 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए लटकने वाले खाने के उपकरण प्रयोग में लाने चाहिए।



### आहारीय व्यवस्था

ग्रामीण क्षेत्रों में वर्त्तमान आहार प्रणाली के अन्तर्गत बकरियों को उपलब्ध वनस्पतियों जैसे विभिन्न प्रकार की घास, फलीदार चारे, पौधे, झाड़ियाँ, वृक्षों की पत्तियाँ आदि एवं अवषेष कृषि उत्पाद आहार के रूप में उपलब्ध है। आमतौर पर गांवों की बकरियाँ चराई पर ही निर्भर करती है। बकरियों से अच्छी पैदावार हासिल करने हेतू परम्परागत आहार के अलावा गेहूँ की भूसी, दालों का चूरा या चना और मक्का आदि चीजों को मिलाकर दाना तैयार करना चाहिए। प्रतिदिन दाना में एक चुटकी नमक भी मिला देना दाहिए।

## बकरियों में पोषण प्रबन्धन करते समय निम्नलिखित बातों पर ध्यान देने की आवष्यकता हैः-

- बकरियों के खान पान का समय निष्चित कर लेना चाहिए।
- सूखा चारा के साथ ङ्क साथ हरा चारा भी देना चाहिए।
- बच्चों को अत्याधिक मात्रा में दाना नहीं खिलाना चाहिए।
- बकरी एक बार में जितना खाना खा सकती है उतना ही चारा देना चाहिए। अतः आहार की बरबादी से बचाने हेतु उसे थोड़ा ङ्क थोड़ा आहार कई बार देना चाहिए।
- किसानों को आहार अवयव अधिक उपलब्धता के समय खरीद लेना चाहिए क्योक इस समय सस्ते होते हैं।
- आहारों का भण्डारण 12 प्रतिषत नमी से कम पर करना चाहिए ताकि इसे फफूंदी के प्रकोप से बचाया जा सके।
- बकिरियों को भींगी हुई घास या वषा ऋतु की नई घास अच्छी तरह साफ करने के बाद ही खिलाना चाहिए।
- बकरी को दिन में 3 बार स्वच्छ जल पिलाना चाहिए।

### चारे के साधन

बकरी मुख्य रूप से चुनकर खाने वाला पशु है। बकरियाँ ब्राउजिंग करती है अर्थात जुलायलम तनों, कोपलें एवं झाड़ियों और वृक्षों की पत्तियों को खाती है। हमारे यहाँ वृक्षों पत्तियाँ जैसे पीपल, कठहल, सिरिस, आम, पाकर, शहतूत एवं बरगद की पत्तियाँ बकरीपालन में उपयोगी होती है।

प्राकृतिक एवं उन्नत चारागाहों में पाई जाने वाली घासे जैसे पैरा घास, अंजन घास, रोड़स घास, धबलू घास, गिनी घास, दीनानाथ घास,सूडान घास एवं स्टाइलो घास बकरी पालन हेतू बहुउपयोगी है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान में लखनऊ महानगर उत्तर प्रदेश में अव्वल

**विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत आज पूर्व विधानसभा के इंदिरा नगर ए ब्लॉक में मोदी की गारंटी" की गाड़ी पहुंचने पर लाभार्थियों और क्षेत्र वासियों द्वारा गाड़ी का भव्य स्वागत किया गया।**





♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**रामकिशोर यादव लखनऊ।** लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में लखनऊ महानगर में चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत आज पूर्व विधानसभा के इंदिरा नगर ए ब्लॉक में ₹मोदी की गारंटी₹ की गाड़ी पहुंचने पर लाभार्थियों और क्षेत्र वासियों द्वारा गाड़ी का भव्य स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद व संबोधन का लाइव कार्यक्रम उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मंत्री नितिन अग्रवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी डॉ महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा, एमएलसी मोहसिन राजा, लालजी निर्मल, रामचंद्र प्रधान प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह सहित सरकारी योजनाओं में पंजीकरण कराने पहुंचे बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्र वासियों ने बड़ी एलइडी स्क्रीन पर देखा। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सभी नेता गणों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उपस्थित जन को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी आपके दरवाजे पर आ रही है सभी लाभार्थी भाई बहनों का हृदय से अभिनंदन करता हूं उनका आभार प्रकट करता हूं कि आप सब ने यहां पर उपस्थित होकर मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी का जो स्वागत किया, मैं आपका हृदय से अभिनंदन करता हूं। हम सब जानते हैं 2014 से लेकर अब तक माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी की गरीब कल्याण योजनाओं ने भारतवर्ष के एक-एक नागरिक के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सफलता प्राप्त की है, चाहे सबको पक्का मकान मिलने का मामला हो, सबको शौचालय मिलने का मामला हो,हमारी बहनें गांवों में कस्बों में हजारों सिगरेट बीड़ी का धुआं उनके फेफड़ों में जाता था आज तक कई सरकारें आई और गई पर किसी ने गरीबों के गैस कनेक्शन के बारे में नहीं सोचा था माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने निशुल्क गैस कनेक्शन देकर जरूरतमंद महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता की और उनके जीवन स्तर में बढ़ोतरी देने का काम किया है। हमारे गरीब स्ट्रीट वेंडर, रेड़ी पटरी के दुकानदार उनके जीवन स्तर में भी बदलाव लाने का काम माननीय प्रधानमंत्री जी की योजनाओं के माध्यम से हुआ है। सैकड़ो ऐसी योजनाएं किसान सम्मान निधि, 5 लाख तक का निशुल्क इलाज माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी दे रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी की गरीब कल्याण योजना विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने में अहम भूमिका रखती है। अभी तक भारत के बारे में जो भी चर्चा चलती थी सभी लोग अपने भाषणों में कहते थे कि भारत एक विकासशील देश है लेकिन दुनिया के पैमाने पर अब सिद्ध हो गया कि भारत अब वह भारत नहीं है भारत अब बदलता हुआ भारत है और भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। जिन अंग्रेजों ने हमें 200 साल गुलाम रखा उनको पछाड़कर आज हम दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बने हैं और 2047 में जब भारत माता की आजादी का सौवां वर्ष मना रहे होंगे तब सभी लोगों का मानना है कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। माननीय प्रधानमंत्री जी का लगातार यह कहना है भारत दुनिया को रास्ता दिखा रहा है हमारा चंद्रयान वहां पहुंचा जहां दुनिया के विकसित राष्ट्र भी नहीं पहुंच पाए। भारत लगातार हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। नीरज सिंह ने कहा कि मोदी सरकार में बिना किसी भेदभाव के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को, समाज में जो पिछड़े हैं, कमजोर हैं उन्हें समाज की मुख्य धारा में कैसे लाना है। सरकार की लाभार्थी परक एक-एक योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को कैसे मिलेगा उस प्रयास को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाने के उद्देश्य से ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ योजना के साथ जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता और सरकारी कर्मचारी सभी मिलकर आपके बीच पहुंच रहे हैं। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान में केंद्र से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार लखनऊ महानगर ने वंचित एवं पात्र लोगों का मोदी की गाड़ी योजना के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए किये जा रहे वार्ड स्तर के कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अभी तक 57 वार्डों में हुए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 4.5 लाख लोग योजनाओं का लाभ लेने कार्यक्रमों से जुड़े हैं। जिसके लिए आनंद द्विवेदी ने विभागों के अधिकारियों और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। विभिन्न लाभार्थियों ने भी प्राप्त सरकारी योजनाओं की जानकारी मंच पर सभी के साथ साझा की और प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति आभार जताया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और उपस्थित नेता गणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृति प्रमाण पत्र और आयुष्मान योजना के पत्रों को कार्ड का वितरण भी किया। उप मुख्यमंत्री ने भारत को 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प के लिए उपस्थित नेता गणों और आम जनता को पंच प्रतिज्ञा दिलाई कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी बसंत त्यागी, त्रिलोक सिंह अधिकारी, अंजनी श्रीवास्तव, अमित टंडन, अभियान संयोजक अभिषेक खरे, पार्षद दल उपनेता सुशील तिवारी पम्मी, राकेश सिंह,सीता नेगी, घनश्याम अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर,मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, पार्षद सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और योजनाओं का लाभ लेने के लिए क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## महिला का 20 हजार रुपए भरा बैग लेकर भागा बंदर! बुजुर्ग महिला ने ग्रामीणों से लगाई गुहार

**निहाल शुक्ला कौशांबी।** कौशाम्बी।पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव से बैंक से पैसे लेकर लौट रही एक बुजुर्ग महिला का पर्स एक बंदर छीन कर भाग गया। काफी खोजबीन के बाद भी बंदर नहीं मिला,जिसके बाद बुजुर्ग महिला ने अपनी परेशानी ग्रामीणों को बताई। घटना पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र की है। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला जानकारी के मुताबिक सोमवार निवासी बुजुर्ग महिला पश्चिम शरीरा स्थित एक बैंक से पैसे लेकर घर की ओर लौट रही थीं। रास्ते में बंदरों के झुंड ने उन्हें घेर लिया। लोगो ने किसी तरह हो-हल्ला कर बंदरो के झुंड को वहा से खदेड़ दिया, मगर इस बीच एक बंदर महिला के हाथ से थैला छीन कर नौ दो ग्यारह हो गया। यह देख महिला काफी परेशान हो गई। थैले के अंदर रखे पर्स में 20 हजार रुपये भी थे। ने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। जिसके बाद बंदर की खोजबीन शुरू हुई।

### हरमीत सिंह कालका को पिछले ग्यारह वर्षों से कभी जत्थेदार काउंके का शहीदी दिवस मनाने की याद क्यों नहीं आई: परमजीत सिंह सरना

## दिल्ली कमेटी पर काबिज कालका जुंडली लूटपाट और पंथ विरोधी ताकतों को मंच प्रदान कर रही है: सरना

♦यूपी फाइट टाइम्स♦



**नई दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना ने दिल्ली कमेटी द्वारा श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार भाई गुरदेव सिंह काउंके का शहीदी दिवस मनाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि हरमीत सिंह कालका पिछले ग्यारह वर्षों से कमेटी की कार्यकारिणी का हिस्सा हैं लेकिन कालका जुंडली व उनके आका मनजिंदर सिंह सिरसा को अभी तक याद नहीं क्यों आई। यहां जारी एक बयान में सरदार सरना ने हरमीत सिंह कालका से सवाल करते हुए पूछा कि जत्थेदार काउंके का शहीदी दिवस मनाना एक अच्छा प्रयास है लेकिन क्या वह 11 वर्षों से अब तक सोये हुए थे तथा अन्य शहीदों को भी श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा शहीद का दर्जा प्राप्त है उनकी शहादत का दिवस क्यों नहीं मनाया गया। उन्होंने कहा कि 20 दिसंबर 2023 को बंदी सिंहों की रिहाई के लिए समूचे खालसा पंथ द्वारा दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया जाना था जिसे हरमीत सिंह कालका ने श्री अकाल तख्त साहिब को पत्र लिखकर इसलिए रद्द करवाया कि वह सरकार से बातचीत करके बंदी सिंहों की रिहाई के लिए प्रयास कर रहे हैं। कालका जुंडली बताए कि अब तक क्या प्रयास हुए हैं व बातचीत के बाद सरकार कितने बंदी सिंहों को रिहा कर रही है? सरदार सरना ने कहा कि हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली कमेटी पर काबिज कालका जुंडली कौम के साथ गद्दारी कर रही हैं तथा सिख पंथ की एकमात्र राजनीतिक जत्थेबंदी शिरोमणि अकाली दल को कमजोर करने की तुच्छ साजिशें रच रही हैं। जबकि उन्हें समझ लेना चाहिए कि यह कुर्सी उन्हें संगत ने सेवा करने के लिए सौंपी है ना कि लूटपाट और पंथ विरोधी ताकतों को मंच प्रदान करने के लिए।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश चतुर्वेदी 17 जनवरी को करेंगे पिकौरा में नवनिर्मित श्रीदुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

### दो साल पूर्व पूर्व प्रमुख ने ही रखी थी इस नवनिर्मित श्रीदुर्गा मंदिर की आधारशिला

♦यूपी फाइट टाइम्स♦



**संतकबीरनगर।** नाथनगर ब्लॉक के ग्राम पंचायत इटौवा के राजस्व गाँव पिकौरा में नवनिर्मित श्री दुर्गा मंदिर की आगामी 17 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होगी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाथनगर ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख एव एसआर इंटरनेशनल एकेडमी के मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश चतुर्वेदी होंगे उक्त जानकारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश सिंह ने दी है श्री सिंह ने बताया कि 21 अक्तूबर 2021 को पूर्व प्रमुख श्री चतुर्वेदी द्वारा ही इस मंदिर की आधारशिला रखी गई थी दशकों से ग्रामीणों की अपने ही गांव में मां दुर्गा के मंदिर स्थापना की अभिलाषा रही है ऐसे में जब मंदिर में मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि तय हुई तो ग्रामीणों का उत्साह पूरे शबाब पर है श्री सिंह ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में 15 जनवरी से ही प्रकांड विद्वानों द्वारा पूजा अनुष्ठान और मंत्रोच्चार का कार्यक्रम शुरू होगा 17 जनवरी को पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश चतुर्वेदी द्वारा मंदिर में मां भगवती की मूर्ति स्थापित की जाएगी। श्री सिंह ने बताया कि इसी दिन मुंबई की मनोज एंड सीमा जागरण ग्रुप द्वारा शानदार जगराता का कार्यक्रम भी आयोजित होगा श्री सिंह ने इस ऐतिहासिक श्रीदुर्गा मंदिर के निर्माण में समस्त ग्रामीणों शुभ चिंतकों और मित्रों के प्रति आभार प्रकट करते हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सभी को सादर आमंत्रित भी किया है।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आएंगे जनपद

**कौशाम्बी।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 9 जनवरी 2024 को पूर्वाहन 10:50 बजे मां शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा, कौशांबी पहुंचेंगे ज्ञात हो कि उपमुख्यमंत्री जी पूर्वान्ह 10:50 बजे से पूर्वान्ह 11:30 बजे तक पार्टी पदाधिकारियों/जनप्रतिनिधियों/कार्यकताओं से संवाद करने के पश्चात प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। उप मुख्यमंत्री मंत्री अपरान्ह 12:40 बजे विकास खण्ड कड़ा की ग्राम पंचायत-अटसरई में आयोजित ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। माननीय उप मुख्यमंत्री जी अपरान्ह 01:50 बजे से सयांरा,कौशांबी से प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पश्चिम शरीरा में संघ के स्वयंसेवकों ने वितरित किया पूजित अक्षत



♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पश्चिम शरीरा में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद व संघ कार्यकताओं ने घर-घर जाकर पूजित अक्षत का वितरण शुरू किया, जिसमे हनुमानजी की झांकी के साथ जय श्री राम का जय घोष कर अक्षत वितरण अभियान में बांटे जा रहे आमंत्रण पत्रक के माध्यम से भक्तों को अवगत करा रहे हैं, पत्रक के पिछले हिस्से में मंदिर में स्वरूप व इसकी विशेषताओं की जानकारी दी गई है, पत्रक में बताया गया है कि 32 सीढियां चढ़कर भक्तों को रामलला के दर्शन प्राप्त होंगे मंदिर में बनने वाले अन्य प्रकल्पों व मंदिर की जानकारी दी गई है, कार्यकर्ता लोगों से 22 जनवरी को पूजा कीर्तन करने व शाम को भव्य दीपावली मनाने की अपील भी कर रहे हैं, इस दौरान संघचालक गर्जन सिंह, श्रीकृष्ण पाण्डेय, मलखान सिंह, कौशलेंद्र सिंह, पवन, सत्यम, आकाश, रोहित, रजत, नितिन,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मलिहाबाद में भाजपा कार्यकर्ता डॉक्टर पुष्पेंद्र रावत ने 22 जनवरी को

### अयोध्या में राम का जीवन अध्ययन के अवसर पर कि प्रेस वार्ता

♦यूपी फाइट टाइम्स♦



**रामकिशोर यादव लखनऊ।** मलिहाबाद में मलिहाबाद डॉक्टर पुष्पेंद्र रावत ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम का जीवन अध्ययन के अवसर पर पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता कर लगभग 60 पत्रकारों को सम्मानित किया और लगभग 50 गलियों को भाजपा सरकार की नीतियों को बताने के लिए गांव-गांव भेजो और हर घर से एक मुट्ठी चावल देने का आह्वान किया आपको बताते चले की श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या मे श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पजित अक्षत कलश यात्रा का कार्यक्रम चल रहा है। सोमवार को मलिहाबाद मे सागर लान माल रोड से इस कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता डा0 पुष्पेन्द्र पासी यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डा0 पुष्पेन्द्र पासी ने कहा श्रीराम मंदिर निर्माण होने से प्रत्येक सनातनी व्यक्ति को ऊर्जा मिल रही है। इस मौके पर प्रत्येक विधानसभा मे निमन्त्रण स्वरूप यह पूजित अक्षत घर घर भेजे जा रहे है साथ ही मंदिर मे बनने वाले महाप्रसाद के लिये प्रत्येक सनातनी घर से एक एक मुट्ठी चावल एकत्र किया जा रहा है। लान से शुरू हुयी यात्रा की अगुवाई हाथों मे कलश लोग कर चल रही सैकडों माताओं ने किया। मलिहाबाद चौराहा, डाकघर तिराहा,गुन्नी का चौराहा होते हुये यह यात्रा बुढिया का शिवालय गल्लामंडी मे समाप्त हुयी। यात्रा मे श्री गोपेश्वर गौशाला के उमाकांत गुप्ता,विश्व हिन्दू परिषद के भूपेन्द्र अर्कवंशी,सहकारी समिति के चेयरमैन प्र0 पंकज गुप्ता, व्यापार मण्डल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, पूर्व सभासद नरेन्द्र यादव काटू पतंजलि योग पीठ के रूपेश मिश्रा,मण्डल महामंत्री आशीष द्विवेदी, उपाध्यक्ष प्रमोद पाठक,राजेश लोधी समेत तमाम कार्यकर्ता एवं सैकडों स्थानीय लोग मौजूद रहे। यात्रा के पीछे वाहनों की लम्बी कतारें चलती रहीं। सम्मान समारोह में पत्रकार राकेश कुमार गौतम पत्रकार कुलदीप पत्रकार रामकिशोर यादव पत्रकार रामू गौतम प्रदीप रावत दीप राज आनंद अवस्थी कमलेश के साथ-साथ सैकड़ो पत्रकार मौके पर मौजूद रहे

## विधायक और तहसील प्रशासन ने गरीबो को वितरित किए कंबल



♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**रामकिशोर यादव लखनऊ। मलिहाबाद।** तहसील सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित कर उपजिलाधिकारी मीनाक्षी पांडेय ने क्षेत्रीय विधायक जयदेवी कौशल ने महिलाओं बुजुर्गो को कम्बल वितरित किए।इस मौके पर तहसील क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायतों के लगभग 750 से अधिक जरूरतमंदों तथा पात्र कमजोर वर्ग के लोगों को कंबल बाटे गए।उपजिलाधिकारी मीनाक्षी पांडेय ने बताया कि सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र भर के जरूरत मन्द और गरीबों को चिन्हित कर कंबल दिए गए है। कम्बल वितरण का यह कार्यक्रम आगे भी चलता रहेगा। नायब तहसीलदार कीरत सेन ने बताया कि इससे पहले रहीमाबाद और माल में कंबल वितरण कार्यक्रम किया जा चुका है।तहसील क्षेत्र का कोई भी पत्र व्यक्ति छूटेगा नही।शासन की मंशानुरूप सभी जरूरतमंदो को कम्बल वितरित किए जायेगे।इस कंबल वितरण समारोह में क्षेत्र से पहुँचे बुजुर्ग और महिलाएं कंबल लेने के बाद काफी खुश दिखी।

## सद्भावना संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकीम कुरैशी ने किया हिट एंड रन न्यू लॉ का समर्थन



**बृजेश कुमार नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून पर देशभर में बवाल खड़ा हो गया था। हाल ही में कानून में किए गए संशोधन का देशभर में चक्काजाम कर विरोध हो रहा था। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र समेत कई प्रदेशों में ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के चलते हाहाकार मचा हुआ था। पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थीं। सबसे ज्यादा असर मध्य प्रदेश में देखा गया था। इस बीच ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कांग्रेस और सरकार के बीच मंगलवार को दिल्ली में बैठक हुई। इसमें सरकार के आश्वासन के बाद हड़ताल को खत्म करने का निर्णय लिया गया। हिट एंड रन को लेकर नए कानून के खिलाफ दो दिनों से जारी ट्रक ड्राइवर्स का विरोध प्रदर्शन जल्द खत्म हो गया है. केंद्र सरकार ने अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस के साथ बैठक के बाद ड्राइवर्स से हड़ताल वापस लेने की अपील की. सरकार ने कहा कि फिलहाल ये कानून लागू नहीं होगा. गृह मंत्रालय ने मीटिंग के बाद कहा कि कानून अभी लागू नहीं हुआ है. ऐसे में ड्राइवर की चिंताओं को लेकर सरकार खुले मन से चर्चा के लिए तैयार है. 10 साल की सजा तथा जुमार्ने के प्रावधान के बारे में वाहन चालकों की चिंता का संज्ञान लिया है." सद्भावना संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मुकीम कुरैशी ने मोदी सरकार की इस कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए कहा कि मोदी जी कभी भी किसी के साथ गलत नहीं होने दे सकते है ड्राइवर भाइयों को घबराने की आवश्यकता नहीं है देश का ऐसा कोई भी कानून सरकार आम लोगों पर नहीं थोपती है जिससे लोगों को परेशानी हो बल्कि केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया यह कानून एक तरफ से बहुत अच्छा था।

# खेलों के जरिए खिलाड़ी जीवन में सीखता है संघर्ष, आत्मविश्वास और समर्पण की भावना– कैलाश चौधरी

**जिला मुख्यालय पर आदर्श स्टेडियम में राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता 2023-24 (बास्केटबॉल अंडर-14 छात्रा) के शुभारंभ समारोह में सम्मिलित हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, संबोधन के दौरान खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों का उत्साहवर्धन**

♦यूपी फाइट टाइम्स♦



**बाड़मेर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी सोमवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय स्थित आदर्श स्टेडियम में 67वां राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता 2023-24 [बास्केटबॉल व-14 छात्रा] के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और देश के विभिन्न राज्यों एवं शिक्षण संस्थानों से पधारी छात्राओं का अभिनंदन एवं उत्साहवर्धन किया। बाड़मेर में आयोजित छः दिवसीय खेल प्रतियोगिता में भारतवर्ष की कई छात्राएं बास्केटबॉल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों का समाज से गहरा नाता होता है। खेल शारीरिक मजबूती के साथ मानसिक तौर पर भी मजबूती प्रदान करते हैं। खेलों का राष्ट्र निर्माण में बहुत बड़ा योगदान होता है। खेलों के जरिए खिलाड़ी जीवन में संघर्ष, आत्मविश्वास, समर्पण सीखता है। कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने खेलों में एक अलग ही स्थान हासिल किया है। ओलंपिक से लेकर कॉमनवेल्थ गेमों तक में भारत ने अपना झंडा गाड़ा है। राजस्थान में भी अब हमारी भाजपा सरकार ने खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने का काम करेगी, इसके लिए उचित प्रशिक्षण और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर काम किया जाएगा। प्रदेश एवं संसदीय क्षेत्र को खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की हर संभव कोशिश होगी, इसके लिए जरूरी प्रशिक्षण और इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित : इस अवसर पर चौहटन विधायक आदुराम मेघवाल और शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी, रावत त्रिभुवन सिंह, बाड़मेर नगर परिषद सभापति दिलीप माली, संयुक्त निदेशक शिक्षा प्रेमचंद सांखला, बाड़मेर उपखंड अधिकारी समुंदर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी कृष्ण सिंह, वेदांता ब्रिगेडियर भरतसिंह शेखावत, प्रधानाचार्या श्रीमती कैलाश कंवर, नगर परिषद आयुक्त विजय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय खेल पर्यवेक्षक पुष्पा चौधरी, तिलोकचंद सारण, जोगेन्द्रसिंह चौहान, पार्षद लक्ष्मण सियाग, बाँकाराम चौधरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेलों से जुड़े पदाधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी आमजन उपस्थित रहे।

# मुखिया को 5 हजार, उपमुखिया को ढाई हजार मिलेंगे, नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका का भी मानदेय बढ़ा;बिहार में खेल विभाग

**पटना।** बिहार में मुखिया, उपमुखिया, पंच, सरपंच का मानदेय दो गुना तक बढ़ा दिया गया है। अब मुखिया को 5 हजार रुपए, उप मुखिया को ढाई हजार रुपए मिलेंगे। आंगनबाड़ी सेविका को 7 हजार और सहायिका को 4 हजार रुपए मानदेय मिलेगा। यह फैसला सोमवार को नीतीश कैबिनेट में लिया गया। अब बिहार में खेल विभाग भी होगा। लोकसभा चुनाव से पहले सरकार का यह मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। सरकार के इस फैसले से दो लाख 35 हजार 148 पंचायत प्रतिनिधियों को फायदा होगा। वहीं, वार्ड सदस्य और पंच के 1 लाख 268 निर्वाचित सदस्यों को फायदा होगा। एक दिन पहले ही पंचायत प्रतिनिधियों को सीएम नीतीश कुमार ने मिलने के लिए बुलाया था। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने मानदेय वृद्धि की मांग की थी। प्रतिनिधियों से मुलाकात के 24 घंटे के अंदर यह फैसला लिया गया है।

**पंचायत प्रतिनिधियों को होगा फायदा**–कैबिनेट अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया है कि ग्राम मुखिया को अब 5 हजार रुपए प्रति माह मानदेय मिलेगा। पहले 2 हजार 500 रुपए मिलते थे। उप मुखिया का मानदेय 1 हजार 200 रुपए से बढ़ाकर 2 हजार 500 रुपए प्रतिमाह किया गया है। वार्ड सदस्य का मानदेय 500 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 800 रुपए प्रतिमाह, सरपंच का मानदेय 2 हजार 500 रुपए से बढ़ाकर 5 हजार रुपए प्रतिमाह, उप सरपंच का मानदेय 1 हजार 200 रुपए से बढ़ा कर 2 हजार 500 रुपए और पंच का मानदेय 500 रुपए से 800 रुपए किया गया है।



**आंगनबाड़ी सेविका को अब 7 हजार, सहायिका को 4 हजार मिलेंगे**–नीतीश सरकार ने आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय को भी बढ़ा दिया। दो दिन पहले ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधियों से भी सीएम मिले थे। इस दौरान उन्होंने मानदेय बढ़ाने की घोषणा की थी ।अब आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 5 हजार 950 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 7 हजार रुपए प्रतिमाह और आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय 2 हजार 975 रुपए से बढ़ाकर 4 हजार रुपए किया गया है।

**2.30 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को फायदा**–राज्य सरकार ने अपने हिस्से की राशि में इजाफा किया है। केंद्रांश की राशि घट गई है। 60-40 के औसत अब 61-38 फीसदी हुआ है। अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि सरकार के इस फैसले से बिहार सरकार पर 286 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। डॉ. सिद्धार्थ ने बताया सरकार के इस फैसले से 2 लाख 30 हजार 18 सेविका-सहायिका को फायदा होगा। बिहार में सेविका की संख्या 1 लाख 15 हजार 9 और इतनी ही सहायिका हैं।

**बिहार में अब खेल विभाग**–बिहार सरकार में अब 45 विभागों से कामकाज होंगे। सीएम नीतीश कुमार के ऐलान के 48 घंटे के भीतर नया विभाग बन गया है। खेल और खिलाड़ियों के लिए खेल विभाग होगा। खेल विभाग पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। कैबिनेट अपर मुख्य सचिव डॉ. सिद्धार्थ ने बताया है कि इस फैसले से खेल का बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट खिलाड़ी उभर कर सामने आएंगे। खेल संघ और खिलाड़ियों से जुड़े कामकाज खेल विभाग से होगा। संघ के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बिहार में संघ का रजिस्ट्रेशन खेल प्राधिकरण से होता है।

# हिमाचल में पुलिस कांस्टेबल भर्ती नियम बदले, 6 फीट लंबे युवा को 6 अतिरिक्त अंक; 5.5 फीट हाइट वाले हजारों युवाओं को झटका

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने कांस्टेबल के 1228 पदों पर भर्ती से पहले नियम बदले हैं। कांस्टेबल बनने के लिए सभी श्रेणी में एक इंच लंबाई बढ़ाई गई है। बड़ी बात यह है कि 5.7 फीट से ज्यादा लंबाई के युवाओं को एक्स्ट्रा अंक मिलेंगे। जिसकी लंबाई छह फीट या इससे भी ज्यादा है, उसे 6 एक्स्ट्रा अंक मिलेंगे। कांस्टेबल भर्ती होने के लिए सामान्य श्रेणी के पुरुषों की लंबाई 5.6 फीट, रिजर्व कैटेगरी के लिए 5.4 फीट और महिलाओं के लिए 5.2 फीट होनी चाहिए। जिन युवाओं की लंबाई 5.6 फीट होगी, उन्हें भर्ती में अतिरिक्त अंक नहीं मिलेंगे, लेकिन 5.7 फीट से 5.8 फीट लंबाई वाले अभ्यर्थी को एक अंक अतिरिक्त मिलेगा।

**लंबाई के हिसाब से मिलेंगे अतिरिक्त अंक**–5.8 फीट से 5.9 फीट के बीच की लंबाई वाले अभ्यर्थियों को 2 अतिरिक्त नंबर, 5.9 फीट से 5.10 फीट वाले युवाओं को 3 नंबर, 5.10 फीट से 5.11 फीट वाले युवा को 4 नंबर, 5.11 फीट से 6 फीट के बीच की लंबाई वाले अभ्यर्थियों को 5 अंक तथा 6 फीट या इससे अधिक लंबाई वाले युवा को 6 अतिरिक्त अंक मिलेंगे।



**पुरुष कांस्टेबल के लिए 1500 मीटर दौड़ जरूरी**–ग्राउंड टेस्ट में पुरुष अभ्यर्थियों के लिए सरकार ने 1500 मीटर दौड़ रखी है, जिसे 5.30 मिनट में पूरा करना होगा। वहीं, महिलाओं को 800 मीटर दौड़ 3.45 मिनट में पूरी करनी होगी। पुरुषों के लिए 1.35 मीटर और महिलाओं को 1.10 मीटर ऊंची कूद लगानी होगी। वहीं, पुरुषों को 4 मीटर लंबी और महिलाओं को 3 मीटर लंबी छलांग लगानी होगी। पुरुषों को 100 मीटर की दौड़ 14 सेकेंड तथा महिलाओं को 17 सेकेंड में पूरी करने की शर्त लगाई गई है।

जिन युवाओं के पास NCC का प्रमाण पत्र होगा, उन्हें भी इसके अंक मिलेंगे।-सर्टिफिकेट के 1 अंक, ब्-सर्टिफिकेट के 2 अंक और C सर्टिफिकेट के 3 अंक मिलेंगे। जिस अभ्यर्थी के पास सभी प्रमाणपत्र होंगे, उन्हें 4 अंक दिए जाएंगे।

# ओपीएस लागू करने की मांग को लेकर आंदोलन

**कोटा।** एनपीएस खत्म करने और सभी केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने की मांग को लेकर रेलवे कर्मचारी आंदोलन पर उतर गए। जेएफआर ओपीएस एवं ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फैडरेशन के आह्वान पर वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलॉईज यूनियन ने 8 से 11 जनवरी तक क्रमिक भूख हड़ताल का शुरू कर दी। पहले दिन कोटा मंडल में यूनियन के सभी शाखा मुख्यालय विक्रमगढ आलौट, शामगढ, रामगंजमण्डी, बूंदी, बांरा, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, भरतपुर एवं तुगलकाबाद और कोटा वर्कशॉप एवं कोटा डीआरएम ऑफिस पर एक साथ क्रमिक अनशन शुरू किया। कोटा डीआरएम ऑफिस पर यूनियन की कोटा लोको एवं कोटा टीआरडी/विद्युत शाखा के पदाधिकारी एवं कर्मचारी क्रमिक अनशन पर बैठे। अनशन स्थल पर कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए यूनियन के महामंत्री मुकेश गालव ने कहा कि केन्द्र सरकार ने अगर इस भूख हड़ताल के बाद भी पुरानी पेंशन बहाली का निर्णय नहीं लिया तो कर्मचारियों के पास हड़ताल और रेल बंद करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचेगा।



# बीजेपी नेता की हत्या मामले में जांच करेगी एसआईटी, कांकेर में दुकानें-यात्री बसें बंद; डिप्टी ष्टरूशर्मा बोले- कांग्रेसियों-नक्सलियों में मिलीभगत

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में भाजपा नेता की हत्या मामले में डिप्टी CM विजय शर्मा ने कांग्रेसियों-नक्सलियों की मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि वो कॉम्प्रोमाइज्ड रहे हैं। भाजपा की सरकार आने से नक्सली बौखलाए हुए हैं। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष और भाजपा जिला उपाध्यक्ष असीम राय की रविवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके विरोध में सोमवार को कांकेर के ज्यादातर इलाके बंद है। इसके चलते सारी दुकानें और यात्री बसों का संचालन भी बंद है।

**भाजपा पार्षद के होटल में तोड़फोड़**–बांदे, पखांजूर, कापसी और बड़गांव में भी बंद का असर देखने को मिला है। इससे पहले रविवार देर रात गुस्साए लोगों ने भाजपा पार्षद विकास पाल के होटल में तोड़फोड़ कर दी थी। आरोप है कि विकास पाल ने नगर पंचायत पखांजूर में अध्यक्ष बनाने के लिए कांग्रेस का साथ दिया था।



**जांच के लिए SIT का गठन**–हत्या की जांच के लिए पुलिस ने SIT का गठन किया है। अफसरों के मुताबिक, रंजिश के चलते हत्या की आशंका है। फिलहाल अभी तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया गया है। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, संगठन मंत्री पवन साय और पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा पहुंचे हुए हैं।

**घटनास्थल से मिले CCTV फुटेज, संदिग्ध हिरासत में**–पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि घटना स्थल से मिले सीसीटीवी फुटेज व अन्य टेक्निकल जानकारी मिली है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। आठ साल पहले असीम राय पर आपसी रंजिश के चलते किए गए हमले के दोनों आरोपियों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

कांकेर के पखांजूर में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष और बीजेपी नेता असीम राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रविवार देर शाम करीब 8 बजे अज्ञात लोगों ने वारदात को अंजाम दिया। फायरिंग पखांजूर के पुराना बाजार में हुई। गोली लगने के बाद उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां उन्हें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि रविवार रात 8 बजे असीम राय रोजाना की तरह पखांजूर थाना से महज कुछ दूर पहले स्कूटी से गढ़चिरौली मार्ग तिराहे से गुजर रहे थे, जहां रविवार को छोटा बाजार लगता है। इसी का फायदा उठाते हुए अज्ञात हमलावर बाइक से आए और फायरिंग कर दी।

# मंत्री बोले- कांग्रेस की योजनाओं का रिव्यू किया जाएगा

**जयपुर।** राजस्थान के तीन मंत्रियों झाबर सिंह खर्रा, सुरेश सिंह रावत और जोराराम कुमावत ने आज कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान सरकार के स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही एक्शन मोड में दिखे। सोमवार को सचिवालय में अधिकारियों को हिदायत देते हुए खर्रा ने कहा- कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई योजनाओं का रिव्यू किया जाएगा। इसके साथ ही पिछले साल दिसंबर तक जो भी योजनाएं चल रही हैं। उनको लेकर कल ही रिव्यू होगा। ताकि सही योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कर जनता तक राहत पहुंचाई जा सके। झाबर सिंह ने कहा- राजस्थान में पिछले 6 महीने से सड़कें खुदी हुई हैं। जबकि नियमों के तहत खुदी हुई सड़कें 15 दिन में सही हो जानी चाहिए। ऐसे में जो भी दोषी अधिकारी हैं। उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा। इसके साथ ही सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए मैं स्वायत शासन विभाग को पारदर्शी बनाना चाहूंगा। ताकि बदनाम हो चुके इस विभाग पर जनता का विश्वास जाग सके। सोमवार को जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने भी कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा- राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनने के बाद हर घर तक जल पहुंचना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। वैसे भी जी ERCP योजना का नाम लेकर कांग्रेस अब तक जनता को बेवकूफ बना रही थी। बीजेपी की सरकार बनने के बाद उसे योजना को धरातल पर लाने का काम शुरू कर दिया गया है।



# बिलकिस गैंगरेप, 11 दोषी फिर जेल जाएंगे, एससी बोला- गुजरात सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग किया

**अहमदाबाद।** गुजरात में 2002 दंगों के दौरान बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषियों को समय से पहले जेल से रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए कहा- सजा अपराध रोकने के लिए दी जाती है। पीड़ित की तकलीफ की भी चिंता करनी होगी। बेंच ने कहा कि गुजरात सरकार को रिहाई का फैसला लेने का कोई अधिकार नहीं है। उसने अपनी सत्ता और ताकत का दुरुपयोग किया है। वह दोषियों को कैसे माफ कर सकती है। सुनवाई महाराष्ट्र में हुई है तो रिहाई पर फैसला भी वहीं की सरकार करेगी। जिस राज्य में अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, उसी को दोषियों की माफी याचिका पर फैसला लेने का अधिकार है।



इस कमेंट के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मई 2022 में जस्टिस अजय रस्तोगी (रिटायर्ड) के उस फैसले को भी रद्द कर दिया, जिसमें 11 दोषियों को गुजरात सरकार से शीघ्र माफी के लिए अपील करने की अनुमति दी गई थी। गुजरात सरकार ने इन्हें 15 अगस्त 2022 को रिहा कर दिया था। बेंच ने सभी 11 दोषियों को 2 सप्ताह में सरेंडर करने को कहा। फैसले के बाद बिलकिस के घर पर पटाखे फोड़े गए। बिलकिस के 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ 30 नवंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की गई थीं। पहली याचिका में 11 दोषियों की रिहाई को चुनौती देते हुए उन्हें तुरंत वापस जेल भेजने की मांग की गई थी। दूसरी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के मई में दिए आदेश पर विचार करने की मांग की गई थी।



# किसान भवन और हवेली में ऑनलाइन बुकिंग, पंजाब मंडी बोर्ड की नई पहल

**चंडीगढ़।** अब चंडीगढ़ या श्री आनंदपुर साहिब आने वाले लोगों को ठहरने के लिए होटलों और गेस्ट हाउस में ज्यादा जेब ढीली नहीं करनी पड़ेगी। लोगों की सुविधा के लिए पंजाब मंडी बोर्ड ने चंडीगढ़ स्थित किसान भवन और श्री आनंदपुर साहिब रोपड़ स्थित किसान हवेली में ऑनलाइन बुकिंग शुरू की है। इसके लिए बाकायदा एक पोर्टल बनाया है, जहां से यह आसानी से बुकिंग हो पाएगी। वहीं, इनके रेट भी आम लोगों के बजट में रहेंगे। सेक्टर-35 स्थित किसान भवन 3 एकड़ में फैला हुआ है। इसमें 100 से अधिक गाड़ियों की पार्किंग की सुविधा रहेगी। यह पूरी तरह्र ष्ट है। इसमें 40 बेडरूम व 115 डॉरमेट्री हैं। इनमें टीवी से लेकर स्टडी टेबल तक की सुविधा रहेगी। वहीं, रावी व चिनाव दो कॉन्फ्रेंस हॉल हैं। इनमें 150 से 1000 तक लोगों के आने की क्षमता है। इस तरह किसान हवेली में 14 कमरे हैं। लोगों को बुकिंग के लिए अब मंडी बोर्ड द्वारा बनाई गई वेबसाइट kisanbhawan.emandikaran-pb.in पर जाना होगा। इससे लोग अपनी सुविधा अनुसार बुकिंग करवा पाएंगे।

# सनातन का विरोध करने वालों पर भड़के गिरिराज सिंह, इंडी गठबंधन को बताया घमंडिया

**मुजफ्फरपुर ( बिहार )।** केंद्रीय पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह सोमवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। इस दौरान गिरिराज सिंह सनातन धर्म को कोसने वाले नेताओं पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि एक सुनियोजित साजिश के तहत देश में कुछ नेता माहौल को बिगड़ने के लिए लगातार विवादित बयान दे रहे हैं। बिहार के शिक्षा मंत्री के विवादित बयान पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब सूबे के उपमुख्यमंत्री खुद जब राम मंदिर पर सवाल खड़े कर रहे हैं। तब उनके मंत्रियों से भला क्या अपेक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि एक सुनियोजित साजिश के तहत सनातन धर्म पर हमला किया जा रहा है। मंत्री गिरिराज सिंह ने मौजूदा इंडी गठबंधन को घमंडियां गठबंधन करार दिया है। हिंदुओं और सनातन को अपमानित करना इंडी गठबंधन का मुख्य एजेंडा बन गया है। इसके नेता पानी पी-पीकर हिंदुओं को गाली दे रहे हैं। लेकिन देश की जनता सब कुछ देख रही है। देश की जनता ऐसी ताकतों को आगामी लोकसभा चुनाव में करारा जवाब देगी। उन्होंने विरोधियों को नसीहत देते हुए कहा कि हिंदू चुप है इसका मतलब यह नहीं की वह कमजोर है। बता दें कि मंत्री गिरिराज सिंह जिले के सरैया प्रखंड के गोपी धनवत में भारत विकसित यात्रा के दौरान पहुंचे थे।



# केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत के दरबार में सभरवाल, रेवाड़ी के बावल से दावेदारी

**रेवाड़ी।** हरियाणा में रेवाड़ी जिले की बावल विधानसभा सीट को लेकर अभी से दावेदारी शुरू हो गई है। फिलहाल प्रदेश में भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार है। जेजेपी के प्रदेश महासचिव और इस सीट से दो बार चुनाव लड़ चुके श्याम सुंदर सभरवाल ने तीसरी बार भी चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही ये भी दावा किया कि गठबंधन रहेगा और ये रिर्जव सीट जेजेपी के खाते में आएगी। इस सीट से फिलहाल प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारी लाल स्नरू हैं। उन्हें अहीरवाल के दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का समर्थक माना जाता है। एक दिन पहले गुरुटेक सोसाइटी में अपने आवास पर कार्यकर्ताओं की मीटिंग के दौरान सभरवाल ने संकेत दिया था कि इस बार उन्हें राव इंद्रजीत सिंह का भी साथ मिल सकता है। चूंकि, राव इंद्रजीत सिंह के परिवार रामपुरा हाउस का इस सीट पर शुरू से ही दबदबा है। रामपुरा हाउस की बदौलत ही डॉ. बनवारी लाल 2014 में पहली बार स्नरू बनने में कामयाब हुए।



बावल सीट पर रामपुरा हाउस के बगैर नैया पार लगना मुश्किल है। ऐसे में कार्यकर्ता मीटिंग के अगले ही दिन सोमवार को जेजेपी नेता श्याम सुंदर सभरवाल दिल्ली में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मिलने भी पहुंचे। सभरवाल ने इस मुलाकात पर कहा कि राव इंद्रजीत सिंह अहीरवाल के बड़े नेता हैं। वे दिल्ली में उनके आवास पर नए साल की शुभकामनाएं देने पहुंचे थे। बता दें कि 2014 में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर राव इंद्रजीत सिंह ने अपने कोटे से उस वक्त के कोसली से स्नरू विक्रम यादव ठेकेदार को मंत्री बनवाया था। लेकिन करीब 2 साल के अंदर ही उनसे मंत्री पद वापस लेकर बावल स्नरू डॉ. बनवारी लाल को मंत्री बनाया गया। इसके बाद डॉ. बनवारी लाल केंद्रीय मंत्री राव के तो नजदीकी रहे ही, साथ ही उनके ष्टरूमनोहर लाल से भी अच्छे संबंध बन गए। 2019 में दोबारा स्नरूबनने के बाद डॉ. बनवारी लाल को प्रमोट कर कैबिनेट मंत्री बनाया गया। इस बीच डॉ. बनवारी लाल का सीएम मनोहर लाल और भाजपा के प्रति समर्पण भाव और ज्यादा बढ़ गया। यही समर्पण भाव राव इंद्रजीत खेमे को रास नहीं आया। हालांकि, डॉ. बनवारी लाल ने राव इंद्रजीत सिंह और सीएम के बीच लगातार सामंजस्य बनाए रखा।

# पूजा सिंघल को एससी से नहीं मिली जमानत, स्वास्थ्य का हवाला देकर मांगी थी बेल,अब मार्च में सुनवाई; 8 महीने से रिम्स में भर्ती

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के आरोप मे घिरी झारखंड की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को एक बार फिर झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने पूजा सिंघल को जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए आज भी जमानत नहीं दी। पूजा सिंघल आठ महीने से रिम्स में भर्ती हैं। निलंबित आईएएस अधिकारी ने सेहत का हवाला देते हुए जमानत याचिका दायर की थी। पूजा सिंघल की ओर से सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा ने बहस की। वहीं श्वष्ठ की तरफ से ASG (असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल) एसवी राजू ने पक्ष रखा। पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई अब 11 मार्च को होगी। महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) घोटाला से जुड़े मामले में पूजा सिंघल जेल में बंद हैं। इससे पहले भी पूजा सिंघल ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अपील को शीर्ष अदालत ने ठुकरा दिया था। पूजा सिंघल को



11 मई 2022 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद झारखंड सरकार ने उन्हें निलंबित करने का आदेश दिया था।

**अब तक दो बार मिली है जमानत**–पूजा सिंघल को अबतक दो बार जमानत मिली है। फरवरी 2023 में उन्हें दो महीने की अंतरिम जमानत दी गई थी। यह अंतरिम जमानत मेडिकल ग्राउंड पर मिली थी। पूजा सिंघल ने याचिका में कहा था कि उनकी बीमार बेटी को उनकी देखभाल की जरूरत है। बेल की अवधि खत्म होने पर 2 अप्रैल को ईडी की पीएमएलए कोर्ट में उन्होंने सरेंडर कर दिया था। इससे पहले 3 जनवरी 2023 को पजा सिंघल को जमानत दी गई थी। दो बेल के बाद से पूजा सिंघल लगातार सेहत और बेटी का हवाला देकर जमानत की अपील करती रहीं है, लेकिन उन्हें अब तक राहत नहीं मिली है।

**सात महीने 23 दिनों से रिम्स में भर्ती है पूजा सिंघल**–पूजा सिंघल 7 महीने 23 दिनों से रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती हैं। उन्हें माइग्रेन समेत अन्य परेशानियों के कारण यहां लाया गया था। न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉ। सुरेंद्र कुमार इनका इलाज कर रहे हैं। माइग्रेन और न्यूरो की अन्य परेशानियां ठीक हो जाने के बाद पूजा सिंघल ने बच्चादानी की सर्जरी की इच्छा जताई। बीते अगस्त के अंतिम सप्ताह में स्त्री रोग विभाग की डॉ. एसबी सिंह की देखरेख में बच्चेदानी की सर्जरी भी हो गई। इस सर्जरी के भी चार महीने 13 दिन हो गए, पर वह भर्ती ही हैं। डॉक्टरों की माने तो फिलहाल वह पूरी तरह स्वस्थ हैं।

**जेल से बाहर है पति अभिषेक झा**–पूजा सिंघल से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनके पति अभिषेक झा एंटीसिपेटरी बेल पर जेल के बाहर हैं। अभिषेक झा के सीए (सुमन कुमार) के घर से ईडी ने 20 करोड़ कैश जब्त किए थे। ईडी ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि कैसे पूजा सिंघल से शादी करने के बाद अभिषेक झा की कमाई में कई गुना इजाफा हुआ। भ्रष्टाचार से कमाए गए पैसे अभिषेक झा के अकाउंट में ट्रांसफर हुए। दूसरी तरफ, पूजा के पति अभिषेक का कहना है कि उनके अकाउंट में जो पैसे हैं, वह उनकी नौकरी से कमाए पैसे हैं।

यूपी फाइट टाइम्स
मंगलवार 9 जनवरी, 2024 | हिन्दी दैनिक


## न्यूज. ब्रीफ

### अयोध्या पूजित अक्षत घर घर बांटे, भागवत भूषण, दंडी सन्यासियों का मिला आशीर्वाद

**लालगोपालगंज प्रयागराज।** गंगानगर के महाशय मसुरियादीन विद्यालय तथा हैप्पी कॉन्वेंट स्कूल के पास श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या से भेजे पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र - पत्रक लेकर स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों ने घर घर संपर्क किया। इस दौरान लोगों में भारी उत्साह देखा गया। टोली स्वामी सदानंद आश्रम पहुंची तो वहां भागवत भूषण आचार्य राम शंकर शुक्ल, दंडी सन्यासी सदाशिव महराज, दंडी सन्यासी ब्रह्मानंद महराज, राम कथा व्यास दुर्गा प्रसाद आदि ने राम भक्तों को आशीर्वाद देते हुए कहाकि आप सभी राम भक्त सराहनीय कार्य कर रहे हैं । बताया कि श्रीराम मंदिर के लिए हम सबने पांच सौ वर्षों तक बहुत संघर्ष किया है, इसके लिए बहुतों ने अपने प्राणों कीआहुति दी है तब यह शुभ घड़ी आई है। सभी लोग पूरे उत्साह के साथ पूजन करें और दीपावली मनाएं। संपर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से गंगा नगर के पालक और पूर्व विधायक प्रभाशंकर पाण्डेय, नगर कार्यवाह अनुराग, रवि शंकर,धनंजय , द्विजेंद्र, मुनेश, सुरेंद्र, संजय, अनिल कुमार, रमाशंकर, अखिलेश, डॉ0 जनार्दन प्रसाद, प्रवीण, सोनू, शैलेश डब्लू, सत्येंद्रमणि समेत अनेक स्वयंसेवक और स्थानीय लोग शामिल रहे। रवि शंकर ने बताया कि इसी तरह पूरे गंगा नगर क्षेत्र में अलग अलग टोलियां नगर संघचालक एसएन त्रिपाठी, बालमुकुंद, आरडी सिंह, गोपाल, संयोजक राकेश, लालमणि, रितेश, नीरज, अरविंद, पवन, राजेश,नित्य प्रकाश मदन मोहन, नागेंद्र,संजीव, शंभू नाथ, हरीश, शिवेंद्र,अनूप, अशोक, केशरी नाथ, कृष्ण मोहन आदि के नेतृत्व में संपर्क कर रही हैं। इसी प्रकार सेरावा ग्रामसभा के बैजू तिवारी का पूरा, भीम का पूरा, मौहरिया, डीह, बुधई का पूरा, शुक्ल का पूरा, पंडित का पूरा, अल्पी का पूरा, नौगवा का पूरा में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या द्वारा भेजे गए पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र और पत्रक लेकर स्वयंसेवक, स्थानीय नागरिकों ने घरों में संपर्क किया। इस दौरान 22 जनवरी को स्थानीय मंदिरों में सामूहिक पूजन और शाम को पूरे उत्साह के साथ दीपावली मनाने का निवेदन किया गया। घर- घर अक्षत देते हुए उन्हें सपरिवार अयोध्या पहुंचकर श्री रामलला के दर्शन के लिए आमंत्रण भी दिया गया। इस दौरान लोगों में भारी उत्साह रहा और पूरे समय जय श्री राम का घोष गूंजता रहा। कलश में अक्षत, दीप जलाकर टोली की अगुवाई प्रसिद्ध कथावाचक संतोष जी महराज, शिवजी और दिग्विजय नारायण त्रिपाठी ने किया। पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल पाण्डेय,योगेश, शैलेश, अनंगनेश, राही, भरत कुमार, मुकेश, लाल मणि सिंह, ग्राम प्रधान श्यामलाल सरोज, रामकुमार यादव, सुभाष यादव, केएल पटेल, छेदीलाल पाण्डेय, विनोद पांडेय, प्रपन्नाचार्य देवी प्रसाद तिवारी समेत अन्य कई लोग शामिल रहे।

### कौशाम्बी अधिवक्ता के भाई पर हुए कातिलाना हमला मामले में अधिवक्ताओं ने पुलिस कार्यालय का किया घेराव




**नौसेब /जगदम्बा प्रसाद मंझनपुर/कौशांबी।** माडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के दर्जनों अधिवक्ताओं ने सोमवार को एसपी दफ्तर का घेराव कर प्रदर्शन किया। अधिवक्ता इंस्पेक्टर सराय अकिल को हटाए जाने की मांग कर रहे है। महामंत्री लक्ष्मी कांत त्रिपाठी के मुताबिक थाना प्रभारी हमेशा से विवादों में रहते है। अधिवक्ता साथी नीरज मिश्रा के भाई पर हुए जानलेवा हमला मामले में इंस्पेक्टर लगातार लापरवाही बरत रहे है। मुख्यालय मंझनपुर में कचेहरी के दर्जनों अधिवक्ता सोमवार की दोपहर सड़क पर उतर आए। अधिवक्ताओं का समूह नारेबाजी कर पुलिस ऑफिस परिसर में घुस गए। इंस्पेक्टर सराय अकिल विनीत सिंह के खिलाफ नारेबाजी कर हटाए जाने की मांग उठाई। अधिवक्ता साथी वकील नीरज मिश्रा के भाई मुकेश मिश्रा पर हुए जानलेवा हमले में प्रभावी कार्यवाही ना किए जाने से नाराज है। मुकेश मिश्रा पर पड़ोसी विद्यासागर सिंह ने पेड़ काटने का विरोध करने पर कुल्हाड़ी से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसमे थाना पुलिस ने आरोपियों को पकड़ कर छोड़ दिया। मुकद्मा भी दर्ज किए जाने में हल्की धाराओं का मुकद्मा दर्ज किया गया। महामंत्री लक्ष्मी कांत त्रिपाठी ने बताया, इंस्पेक्टर सराय अकिल अधिवक्ता मामले को लेकर वारदात के बाद से लापरवाही बारात रहे है। जब तक इंस्पेक्टर को थाने से नहीं हटाया जाएगा। तब तक वह अपना आंदोलन जारी रखेंगे।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले इंटरनेशनल सुपर मॉडल प्रीति शर्मा ने दिल्ली में गरीब बेसहारा और दिव्यांगों को वितरण किए कंबल

दिल्ली में कड़कड़ाती शर्दी में बेसहारा करिबो और दिव्यांगों को किए कंबल वितरण और सभी को 550 साल पुराने सपने को पूरा होने पर बहुत खुशी जताई वही मॉडल प्रीति शर्मा ने सभी से 22 जनवरी को भव्य तरीके से दिवाली मनाने की भी अपील करते हुए

♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**बृजेश कुमार दिल्ली।** जहां एक तरफ पूरा देश आगामी 22 जनवरी यानी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह जगह सुंदरकांड,हनुमान,चालीसा,दिए और अक्षत वितरण करने का काम कर रहे है और लोगो से 22 जनवरी को भव्य दीपावली मनाने की अपील कर रहे तो इसी को लेकर उत्तर प्रदेश के कुशीनगर की रहने वाली 25 साल की इंटरनेशनल सुपर मॉडल प्रीति शर्मा ने राजधानी दिल्ली में कड़कड़ाती शर्दी में बेसहारा करिबो और दिव्यांगों को किए कंबल वितरण और सभी को 550 साल पुराने सपने को पूरा होने पर बहुत खुशी जताई वही मॉडल प्रीति शर्मा ने सभी से 22 जनवरी को भव्य तरीके से



दिवाली मनाने की भी अपील करते हुए कहा कि जो सपना अभीतक जिन सरकारों ने पूरा नही किया बो सपना हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कर दिखाया उन्होंने ये भी कहा कि हमारी कई पीढियां मंदिर बनने का सपना देखती रही लेकिन मंदिर बनते नही देख पाई लेकिन हम बड़े ही सौभाग्यशाली है जो मंदिर बनते हुए भी देख रहे है और भगवान श्री राम जी के धरने करने भी जा सकते है आपको बताते चले कि कुशीनगर की रहने वाली प्रीति शर्मा ने महज 25 साल की उम्र में ही कई बड़े बड़े टाइटल जीते है और अपने परिवार का नाम रोशन किया है प्रीति शर्मा ने बताया कि मॉडलिंग में जाने का सपना मेरा शादी से पहले ही था लेकिन परिवार की वजह से नही कर सकी लेकिन शादी के बाद मेरे पति विनय शर्मा ने मुझे सपोर्ट किया और आज में इस मुकाम तक हूँ आपको बताते चले कि प्रीति शर्मा को अपने इस हुनर को लेकर और कई बड़े टाइटल जितने पर राजधानी दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में युगधारा आइकॉन अवॉर्ड 2023 से सम्मानित भी किया गया था प्रीति शर्मा अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने पति विनय शर्मा को देती है उनका कहना है कि अगर मेरे पति विनय शर्मा ने मुझे सपोर्ट नही किया होता तो आज में इस मुकाम तक नही होती और न ही में अपना टेलेंट दिखा पाती

## सीसीटीवी कैमरे लगाने में सहयोग करने वालों को माला पहनाकर सम्मानित करते थानाध्यक्ष कमलेश कुमार गौड़

♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**बस्ती।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के.एस. प्रताप के निर्देश पर में एवं बस्ती पुलिस महानिरीक्षक आर.के. भारद्वाज के निर्देश क्रम में बस्ती पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के दिशा निर्देश पर एवं बस्ती अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश के कुशल मार्गदर्शन में तथा रुधौली क्षेत्राधिकारी प्रीति खरवार के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के अंतर्गत पर मुण्डेरवा थानाध्यक्ष कमलेश कुमार गौड़ के द्वारा मोनू यादव पुत्र श्री रामदयाल ओड़वारा थाना मुण्डेरवा मोबाइल नंबर 9598430078 से अनुरोध कर पाण्डेय उनके गृह निवास पर थाना मुण्डेरवा थाना क्षेत्र में 4 सीसीटीवी कैमरे लगवाये गए उत्सावर्धन हेतु माला पहनाकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।



## रोमांचक मुकाबले में देवरिया ने गोरखपुर को 2-1 से हराया

### भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**ज्ञानेश्वर बरनवाल देवरिया।** देवरिया। बैतालपुर के पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रहे भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन का मुकाबला देवरिया और गोरखपुर के बीच खेला गया ।इस रोमांचक मुकाबले को देवरिया ने 2-1 से जीत लिया। सद्भावना क्लब गोरखपुर की टीम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए हनुमान क्लब देवरिया पर दबाव बनाया। लेकिन इसके उलट देवरिया के जर्सी नंबर दस में खेल रहे आदित्य यादव ने एक गोल करके अपनी टीम को 1:0 की बढ़त दिला दी। इस गोल का बराबरी करने का प्रयास कर रहे गोरखपुर के खिलाड़ियों को पहले हाफ के 27 वें मिनट में सफलता मिली। उनके जर्सी नंबर नौ के खिलाड़ी सुनील ने



शानदार गोल करके अपनी टीम को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। दूसरों हाफ में भी दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया और एक दूसरे पर दबाव बनाते रहे। काँटे के इस मैच के सेकेंड हाफ के सताइसवें मिनट में देवरिया की टीम के आदित्य यादव ने एक बार फिर गोल करके अपनी टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। गोरखपुर की टीम अंत तक दूसरे गोल की बराबरी नहीं कर पाई। इसके पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाला जी मंदिर देवरिया के पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी राजनारायणाचार्य जी महाराज ने फीता काटकर मैच का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि अटल जी एक महापुरुष थे उनके नाम पर इस तरह का आयोजन समाज के लिए प्रेरणा का काम करेगा। उन्होंने भारत के वर्तमान दौर को स्वर्णिम बताते हुए अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण को देशवासियों के लिए उपलब्धि बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार डाक्टर शैलेंद्र मणि त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता भानु प्रकाश मिश्र तथा प्रेस क्लब गोरखपुर के अध्यक्ष मार्कण्डेय मणि त्रिपाठी ने ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजन को खिलाड़ियों के लिए संजीवनी बताया। कार्यक्रम के संयोजक और भाजपा नेता सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी ने स्वागत भाषण करते हुए आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। बैकुंठ पुर के आचार्य गण ने स्वस्ति वाचन किया।

## प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी का जनपद भ्रमण कार्यक्रम

♦यूपी फाइट टाइम्स♦



**आर पी यादव कौशाम्बी।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दिनांक 9 जनवरी 2024 को पूर्वाहन 10:50 बजे मां शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा, कौशांबी पहुंचेंगे उपमुख्यमंत्री पूर्वान्ह 10:50 बजे से पूर्वान्ह 11:30 बजे तक पार्टी पदाधिकारियों/जनप्रतिनिधियों/कार्यकताओं से संवाद करने के पश्चात प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। उप मुख्यमंत्री मंत्री अपरान्ह 12:40 बजे विकास खण्ड कड़ा की ग्राम पंचायत-अटसरई में आयोजित ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। उप मुख्यमंत्री अपरान्ह 01:50 बजे से सयांरा,कौशांबी से प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे।

## लालगंज थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक अभियुक्त विजय कुमार गिरफ्तार

♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देश के क्रम में बस्ती अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह के पर्यवेक्षण में एवं रुधौली क्षेत्राधिकारी प्रिती खरवार के कुशल निर्देशन में लालगंज थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मु0 अ0 सं0 304/ 23 धारा 363/366/376 आईपीसी 5/6 पास्को एक्ट से संबंधित पीड़िता को अभियुक्त के घर से बरामद करते हुए अभियुक्त विजय कुमार पुत्र राजाराम निवासी परशुरामपुर बरूवार थाना करौदी कला जनपद सुल्तानपुर को आज हिरासत में लेकर न्यायालय जनपद बस्ती रवाना किया गया गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण विजय कुमार पुत्र राजाराम निवासी परशुरामपुर बरूवार थाना करौदी कला जनपद सुल्तानपुर गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण लालगंज थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह उ0 नि0 सुदीप कुमार यादव थाना लालगंज कांस्टेबल लालू प्रसाद यादव थाना लालगंज महिला कांस्टेबल वंदना पासवान थाना लालगंज कांस्टेबल दीपक विश्वकर्मा शाखा सर्विलांस सेल



# जनपद पीलीभीत से तीन शिक्षकों को मिला आइकॉन अवार्ड 2024

♦यूपी फाइट टाइम्स♦

उत्तराखंड के रूडकी स्थित शेफील्ड स्कूल में आयोजित उदघोष शिक्षा का नया सवेरा कार्यक्रम में देशभर से आए 109 शिक्षकों को टीचर्स आईकॉन अवार्ड और शिक्षा श्री से सम्मानित किया गया। रविवार को शेफील्ड स्कूल रूडकी उत्तराखंड में उद्घोष शिक्षा का नया सवेरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी रहे। ग्लोवल यूनिवर्सिटी सहारनपुर के प्रति कुलपति प्रोफेसर डॉ. पंकज कुमार मिश्रा, डॉ बी के एस संजय ने कहा कि शिक्षकों का यह प्रथम दायित्व एवं कर्तव्य है कि वह अपने यहां पढ़ने वाले सभी बच्चों को संवारे और सजाएं। शेफील्ड स्कूल में आयोजित किया गया उद्घोष शिक्षा का नया सवेरा कार्यक्रम इस दौरान कार्यक्रम में अलग-अलग राज्यों से आए




109 नवाचारी शिक्षकों को टीचर्स आइकॉन अवॉर्ड और शिक्षा श्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनुभवों और विशिष्ट क्रियाकलापों से बच्चों को रोचक, संदर्भ युक्त और तथ्यात्मक तरीके से सिखाने और नई शिक्षा नीति 2020 पर विशेष कार्य करने पर सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनुभवों और विशिष्ट क्रियाकलाप करने के लिए जनपद पीलीभीत के तीन शिक्षकों का चयन किया गया है। तीनो शिक्षकों को टीचर्स आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया जिसमें कंपोजिट स्कूल दमुपूरा से सहायक अध्यापक श्री विनय कुमार पांडेय , उच्च प्राथमिक विद्यालय माला से सहायक अध्यापक देवेंद्र कन्हैया एवम कॉम्पोजिट विद्यालय भिलाइया गांव खेड़ा से सहायक अध्यापक लाल करन को आइकन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# रहीमाबाद में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से लाइव प्रसारण सुना

♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**रामकिशोर यादव लखनऊ।** रहीमाबाद लखनऊ एस एन वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से लाइव प्रसारण लोगों सहित प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित लाभार्थियों ने सुना इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने क ई लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत प्रमाण पत्र आयुष्मान कार्ड मुद्रा लोन के तहत चेक भी वितरित किया ज्ञात हो कि मलिहाबाद विकास खंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जिंदौर के रहीमाबाद पंचायत घर के निकट सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत के तहत लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी का लाइव प्रसारण लाभार्थियों सहित उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सुना इसके बाद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने जनहित में अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ बिना भेदभाव हर वर्ग के लोगों को मिल रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जल जीवन मिशन के तहत हर गांव के हर घर को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाएगा जिसका काम तेजी से चल रहा है इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास के तहत देशभर में चार करोड़ लोगों को प्रदेश में छप्पन लाख लोगों को मलिहाबाद के जिंदौर पंचायत में बहसढ लोगों को आवास दिया जा चुका है संयम सहायता समूह से जुडी दो करोड़ दीदियों को लखपति बनाने तथा नारी शक्ति बन्धन अधिनियम दो हजार तेइस के तहत लोकसभा विधानसभा में तेतिस प्रतिशत भागीदारी मिलेगी इसके अलावा पांच साल अस्सी करोड़ लोगों को फ्री राशन मिले गा इसके अलावा गांव में अट्ठारह घंटे बिजली भी मिल रही है इससे पहले सरकारो में गुंडा गर्दी व भ्रष्टाचार चरम पर था जिससे सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का सही लाभ लाभार्थियों को नहीं मिल पा रहा था इस सरकार ने डी वी टी के माध्यम से पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में आ जाता है इस कार्य क्रम में क्षेत्रीय विधायक जयदेवी कौशल सुभाष यदुवंशी जिला अध्यक्ष बिनय प्रताप सिंह चेयरमैन रोहित साहू ब्लाक प्रमुख मलिहाबाद निर्मल वर्मा जानकी प्रसाद विमल सहित मुख्य विकास अधिकारी एस डी एम मलिहाबाद मीनाक्षी पांडे जिला कृषि अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी खंड विकास अधिकारी मलिहाबाद सहित सरकारी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे

## थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने शान्ति भंग में 4 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



♦यूपी फाइट टाइम्स♦

**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देश क्रम में बस्ती अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के दिशा निर्देश पर रुधौली क्षेत्राधिकारी प्रीती खरवार के कुशल पर्यवेक्षण में लालगंज थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में शान्ति भंग की आशंका में 4 नफर अभियुक्तो को गिरफ्तार कर पेश करने न्यायालय एसडीएम सदर बस्ती के समक्ष रवाना किया गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण प्रथम पक्ष मनीषा पुत्री जानकी उम्र करीब 20 वर्ष जानकी पुत्र किशोर उम्र करीब 48 वर्ष द्वितीय पक्ष मंगरा देवी पत्नी शिवकुमार उम्र करीब 52 वर्ष प्रियंका पुत्री स्व0 शिव कुमार उम्र करीब 21 वर्ष उपरोक्त समस्त साकिनान महथा थाना लालगंज गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम लालगंज थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह उ0 नि0 चतुर्भुज पाठक मय हमराही महिला आरक्षी ममता चौहान थाना लालगंज जनपद बस्ती

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक सतीश कुमार द्वारा रहमान प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स 19बी, नई बस्ती ( निकट पुलीस चौकी ) आबूनगर फतेहपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर दरियामऊ खागा , जिला फतेहपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। **संपादक** – सतीश कुमार